संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 10 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



जी20 : पीएम नरेंद्र मोदी सत्र को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 241 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### मप्र : चिकित्सकों के आकर्षक समयमान व चयन वेतनमान स्वीकृत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री निवास 'समत्व भवन' में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में संचालित चिकित्सकीय संस्थाओं के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक चिकित्सा संवर्गों के चिकित्सकों को प्रोत्साहित करने के लिये वर्तमान में देय समयमान/ चयन वेतनमान को और अधिक आकर्षक एवं लाभकारी बनाने की स्वीकृति दी है। स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक संवर्ग में चिकित्सा शिक्षा के सहायक प्राध्यापक को नियुक्ति पर 7 हजार रुपये ग्रेड-पे, तीन वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 8 हजार रुपये, 7 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 9 हजार रुपये और 14 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 10 हजार रुपये ग्रेड-पे का लाभ दिया जायेगा। इसी तरह चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रदर्शक/ट्यूटर को नियुक्ति पर 6 हजार रुपये ग्रेड-पे, 5 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 7 हजार रुपये, 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 8 हजार रुपये, 15 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 9 हजार रुपये और 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 10 हजार रुपये ग्रेड-पे का लाभ दिया जायेगा। लोक स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण विभाग तथा गृह विभाग अंतर्गत विशेषज्ञ संवर्ग अंतर्गत नियुक्ति पर 6 हजार 600 रुपये ग्रेड-पे, तीन वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 7 हजार 600 रुपये , 7 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 8 हजार 700 रुपये और 14 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 8 हजार 900 रुपये ग्रेड-पे का लाभ दिया जायेगा।

### इस वर्ष भी होगा 200 रोजगार मेलों का आयोजन : खट्टर

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए नए अवसर प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस वर्ष भी 200 रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार देने व चाहने वालों के लिए सांझा मंच उपलब्ध करवाया जाएगा।मुख्यमंत्री आज विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत दिल्ली से ऑडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेलों में रोजगार पाने वाले युवाओं से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने युवाओं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए कहा कि जनवरी 2019 से अब तक राज्य में 1450 रोजगार मेले आयोजित कर 31217 युवाओं को रोजगार सहायता प्रदान की गई हैं।

# जी20 : घोषणा पत्र सहमति से पारित

## ● नौ बार भारत का जिक्र, चंद्रयान-3 पर बधाई, विश्व कल्याण के लिए यह साथ चलने का समयः पीएम मोदी

**साझा घोषणा पत्र**

- रूस-यूक्रेन जंग के बाद जी20 का पहला साझा घोषणा पत्र
- इसमें 9 बार आतंकवाद, 4 बार यूक्रेन का जिक्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नई** दिल्ली में जारी जी20 समिट के पहले दिन ही साझा घोषणा पत्र पर सहमति बन गई है। शनिवार को दूसरे सेशन की शुरूआत में पीएम मोदी ने बतौर अध्यक्ष सभी सदस्य देशों की सहमति से नई दिल्ली डिक्लेरेशन पारित कर दिया। डिक्लेरेशन पास होने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सभी देशों ने नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर किया है। सभी लीडर्स ने माना है कि जी20 राजनीतिक मुद्दों को डिस्कस करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। लिहाजा अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों को डिस्कस किया गया है। हालांकि इस घोषणा पत्र में यूक्रेन जंग का 4 बार जिक्र हुआ है। साझा घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति इसलिए खास है, क्योंकि नवंबर 2022 में इंडोनेशिया समिट में जारी घोषणा पत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। तब घोषणा पत्र के साथ ही इन देशों की लिखित असहमति शामिल की गई थी।





**37 पेज का घोषणा पत्र, इसमें कुल 83 पैराग्राफः** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमें चुनौतीपूर्ण समय में अध्यक्षता मिली। जी20 का साझा घोषणा पत्र कुल 37 पेज का है। इसमें कुल 83 पैराग्राफ हैं। इसे ही नई दिल्ली डिक्लेरेशन कहा गया है। इसमें शामिल मुख्य प्रस्ताव नीचे देख सकते हैं...

सभी देश सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर काम करेंगे। भारत की पहल पर वन फ्यूचर अलायंस बनाया जाएगा।

सभी देशों को यूएन चार्टर के नियमों के मुताबिक काम करना चाहिए।

बायो फ्यूल अलायंस बनाया जाएगा। इसके फाउंडिंग मेंबर भारत, अमेरिका और ब्राजील होंगे। एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर जोर दिया जाएगा। मल्टीलैट्रल डेवलपमेंट बैंको को मजबूती दी जाएगी। उन्हें बेहतर, बड़ा और ज्यादा कारगर बनाया जाएगा।

ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर दिया जाएगा। क्रिप्टोकरेंसी को लेकर एक ग्लोबल पॉलिसी बनाने को लेकर बातचीत की जाएगी। कर्ज को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर भारत ने कॉमन फ्रेमवर्क बनवाने की बात पर जोर दिया है। दुनिया में तेजी से विकास करने वाले शहरों को फंड किया जाएगा।

ग्रीन और लो कार्बन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर काम किया जाएगा।

### एक साथ मिलकर चलने का समयः पीएम मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि, "कोविड-19 के बाद विश्व में एक बहुत बड़ा संकट विश्वास के अभाव का आया है। युद्ध ने इस ट्रस्ट डेफिसिट को गहरा किया है। आज जी-20 के प्रेसिडेंट के तौर पर पूरी दुनिया का आह्वान करता है कि हम मिल कर सबसे पहले ग्लोबल ट्रस्ट डिफिसिट को एक विश्वास. एक भरोसे में बदलें। यह वैश्विक भलाई के लिए हम सभी के मिल कर चलने का समय है।"

**वैश्विक चुनौतियों का ठोस समाधान ढूंढ़ना जरूरी :** इसके साथ ही, पीएम ने यह भी साफ तौर पर बताया कि विश्वास का संकट कहां-कहां है और इसे दूर करना क्यों जरूरी है। मोदी ने कहा, "वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल, उत्तर व दक्षिण का विभेद, पूर्व और पश्चिम की दूरी, खाद्य, ईंधन व उर्वरक प्रबंधन, आतंकवाद व साइबर सुरक्षा, हेल्थ, ऊर्जा और जल-सुरक्षा को लेकर चुनौतियां हैं। इन चुनौतियों के ठोस समाधान की तरफ बढ़ना ही होगा।"

## पर्यावरण के लिए बायोफ्यूल अलायंस, जी20 सैटेलाइट मिशन लॉन्च का प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी20** समिट के आगाज के साथ ही पहले सत्र में ही कई बड़े फैसले लिए गए हैं। पीएम मोदी ने पहले सत्र 'वन अर्थ' के समापन के बाद मीडिया को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि जी20 समिट के पहले सत्र में स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन बनाने पर सहमति बनी है। पीएम ने इसी के साथ कहा कि हम वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन शुरू कर रहे हैं और भारत दुनिया भर को इस पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।

**जी20 सैटेलाइट मिशन लॉन्च करने का प्रस्ताव :** हम स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम ने आगे कहा, जी20 शिखर सम्मेलन में भारत ने 'पर्यावरण और जलवायु अवलोकन के लिए 'जी20 सैटेलाइट मिशन' लॉन्च करने का प्रस्ताव रखा है। इसी के साथ भारत ने पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तर की पहल का प्रस्ताव दिया है।

## विवादों के बीच पीएम मोदी के टेबल पर लगा 'भारत' का टैग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** के नाम को लेकर राजनीति काफी गरमाई हुई है, इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जी20 शिखर सम्मेलन में अपना उद्घाटन भाषण दिया। उसमें पीएम के सीट पर 'भारत' देश टैग लगा हुआ है। दरअसल, जहां एक ओर देश के नाम 'इंडिया' को 'भारत' करने पर विवाद है, इसी बीच यह तस्वीर सामने आई है। अपने उद्घाटन भाषण में पीएम मोदी ने विश्व नेताओं का स्वागत किया और मोरक्को में आए भूकंप पर दुख व्यक्त किया।

**टेबल पर लगा भारत का टैग :** इस बैठक में सभी विश्व नेताओं के टेबल पर उनके देश का नाम लिखा होता है, जिसका वह प्रतिनिधित्व करने के लिए बैठक में पहुंचे होते हैं। इस दौरान पीएम मोदी के टेबल पर 'इंडिया' नहीं बल्कि 'भारत' का टैग लगा हुई था। इसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

**अटकलें हुई तेज :** दरअसल, राष्ट्रपति भवन की ओर से जी 20 रात्रिभोज के निमंत्रण में 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा था, जिसे पढ़े जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया। इसके बाद से इन अटकलों को बल मिला कि केंद्र आधिकारिक राज्य का शीर्षक इंडिया से बदलकर भारत कर सकती है।

**विपक्ष ने साधा निशाना :** इसको लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि यह नाम बदलने का प्रयास है, क्योंकि उनके गठबंधन के नाम में इंडिया (इंडिया नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस) लिखा है।

## मणिपुर हिंसा में फिर हुई दो की मौत

**हिंसा जारी**

- सुरक्षा बलों और हथियारबंद लोगों के बीच दो स्थानों पर हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर में** बीते कई महीनों से कुकी और मैतेयी समुदाय के बीच तनातनी का माहौल है। इस पूर्वोत्तर राज्य के तेंगनौपाल जिले के पल्लेल इलाके में शुक्रवार तड़के से सुरक्षा बलों और हथियारबंद लोगों के बीच दो स्थानों पर हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सेना के एक मेजर समेत करीब 50 लोग घायल हो गए हैं। असम राइफल्स के अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया। अधिकारियों के अनुसार दो अज्ञात गुटों के बीच गोलीबारी सुबह करीब छह बजे शुरू हुई और रुक-रुक कर जारी रही। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल को गंभीर हालत में इंफाल स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया है। फायरिंग की खबर लगते ही थाउबल और काकचिंग में विभिन्न स्थानों से लोग पल्लेल पहुंचे लेकिन माहौल तनावपूर्ण होते देखकर असम राइफल्स के अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया।

**एक मेजर समेत 50 लोग घायल हुए हैं:** अधिकारियों ने यह भी बताया कि दो सशस्त्र अज्ञात गुटों की फायरिंग में एक 48 साल के व्यक्ति की भी मौत हो गई है। भीड़ को रोकने की कोशिश में असम राइफल्स ने आंसू गैस के गोले दागे जिसके बाद सेना के एक मेजर समेत 50 लोग घायल हुए हैं। इंफाल से पल्लेल जा रहे आरएएफ के एक दस्ते को विष्णुपुर के हजारों प्रदर्शनकारियों ने रोक लिया।

## राम मंदिर में 22 जनवरी को विराजेंगे रामलला

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**अयोध्या** में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला विराजेंगे। 15 जनवरी से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस कार्यक्रम के लिए न्योता दिया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक समारोह के अंतिम दिन यानी 22 जनवरी को पीएम मोदी की मौजूदगी में राम मंदिर में रामलला को विराजमान किया जाएगा। शनिवार (9 सितंबर) को राम मंदिर से जुड़ी भवन निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक में इन सभी बातों पर चर्चा हुई। इसमें विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार, उपाध्यक्ष जीवेश्वर मिश्रा और राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भी मौजूद रहे।



**मूर्तियों-मंदिर के ग्राउंड फ्लोर को फाइनल टच देने पर चर्चा**

भवन निर्माण समिति की दूसरी बैठक ऑफिस में भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई। इसमें रामसेवकपुरम में बन रही मूर्तियों और मंदिर के ग्राउंड फ्लोर को फाइनल टच देने पर चर्चा की गई।

## विश्व में गुंजायमान हो रहा वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र : शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 की बैठक दुनिया भर से भारत आए राष्ट्र प्रमुखों की उपस्थिति में हो रही है। भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है। मध्यप्रदेश कैबिनेट की ओर से इन राष्ट्र प्रमुखों का स्वागत है। जी-20 की यह बैठक भारत के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री भवन में राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक में जी-20 और भारत की अध्यक्षता के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**त्रासदी** कई इमारतें ढहीं; ये इस इलाके में आया 120 साल का सबसे ताकतवर भूकंप

## मोरक्को में 7.2 तीव्रता का भूकंप, 1,037 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ रबात/ माराकेश**

अफ्रीकी देश मोरक्को में भूकंप से अब तक 1,037 लोगों की मौत हो चुकी है। 672 लोग जख्मी हुए हैं। मोरक्को जियोलॉजिकल सेंटर ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 7.2 थी। यह शुक्रवार की देर रात आया। हालांकि यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने इसकी तीव्रता 6.8 बताई है। साथ ही कहा कि ये इस इलाके में 120 साल में आया सबसे ताकतवर भूकंप है। मोरक्को के स्टेट टेलीविजन ने बताया कि भूकंप की वजह से कई इमारतें ढह गईं हैं। सोशल मीडिया पर भूकंप से जुड़े कई वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसमें लोग भागते हुए नजर आ रहे हैं। भूकंप का एपिसेंटर एटलस पर्वत के पास इघिल नाम का गांव बताया जा रहा है, जो माराकेश शहर से 70 किलोमीटर की दूरी पर है। भूकंप की गहराई जमीन से 18.5 किलोमीटर नीचे थी। पुर्तगाल और अल्जीरिया तक भूकंप के झटके महसूस किए गए।



भूकंप से इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं। विश्व धरोहर स्थल ऐतिहासिक माराकेश में पर्यटकों का ध्यान खींचने वाली लाल दीवारों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक उत्तरी अफ्रीका में भूकंप काफी दुर्लभ है। इससे पहले 1960 में अगादिर के पास 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। तब हजारों लोगों की मौत हो गई थी।



# जी20 शिखर सम्मेलन: भारत मंडपम में सजा शिल्प बाजार

मुरादाबाद की नक्काशी और पंजाबी फुलकारी से रूबरू होंगे मेहमान, विदेशी मेहमानों को भारत की पारंपरिक कला और संस्कृति की झलक के साथ यहां प्रौद्योगिकी व तकनीक का बेजोड़ मेल लुभाएगा





**हस्तशिल्प**

**⏩ दुनिया भारत की हजारों साल पुरानी कला, संस्कृति, शिल्प, विरासत, परंपरा, धरोहर से रूबरू होंगी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
जी-20 के शिखर सम्मेलन में दुनिया इतिहास के पन्नों से बाहर पहली बार भारत की हजारों साल पुरानी कला, संस्कृति, शिल्प, विरासत, परंपरा, धरोहर से रूबरू होंगी। भारत मंडपम में मिनी भारत का प्रतिनिधित्व करता शिल्प बाजार सज गया है। विदेशी मेहमानों को भारत की पारंपरिक कला और संस्कृति की झलक के साथ यहां प्रौद्योगिकी व तकनीक का बेजोड़ मेल लुभाएगा। यहां कलाकार भारत की कला, संस्कृति, स्थानीय खानपान समेत दूसरी अनूठी चीजों को प्रदर्शित कर रहे हैं। केंद्रीय कपड़ा, संस्कृति, खादी इंडिया, जनजातीय मंत्रालय ने सभी राज्यों के साथ मिलकर भारत की विविधता को दशार्ता क्रॉफ्ट बाजार लगाया गया है। यहां सभी राज्य अपनी संस्कृति, कला, शिल्प को दुनिया के समक्ष एक जिला-एक उत्पाद को प्रदर्शित कर रहे हैं। दर्शकों को कश्मीर की 15वीं ताब्दी की चटकीले रंग वाली पेपर मेशे पेटिंग, चिनार की पत्तियों वाली कशीदाकारी, पंजाब की फुलकारी, हिमाचल प्रदेश का 16वीं शताब्दी का चंबा रूमाल, यूपी की नक्काशी, गुजराती काठियावाड़ कढ़ाई,पश्चिम बंगाल की कांथा वर्क, मणिपुर की कौना टोकरी, तमिलनाडु के चोल वंश की तंजावुर चित्रकला व कांजीवरम सिल्क साड़ी, गुजरात का लिप्पन आर्ट, बिहार की मधुबनी पेटिंग, मध्य प्रदेश व गुजरात की पेथोरा पेटिंग दिखेगी।

**उत्तर प्रदेश : अयोध्या में 'भगवान श्रीराम' और मुरादाबाद की पीतल की नक्काशी**
उत्तर प्रदेश पवेलियन में विदेशी मेहमानों को अयोध्या नगरी में भगवान श्रीराम के साथ मुरादाबाद की नक्काशी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। यहां पर भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की बेहद ही खूबसूरत झांकी दिखेंगी। यहां पर लाइम डेमो में मुरादाबाद के पद्मश्री अवार्डी दिलशाद हुसैन पीतल पर नक्काशी करते दिखेंगे। उन्होंने बताया कि छह साल की उम्र से नक्काशी शुरू की थी और उनकी चौथी पीढ़ी इस पेशे में हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहते हैं कि जी 20 शिखर सम्मेलन के कारण उन्हें विदेशी मेहमानों के सामने अपनी कारीगरी दिखाने का मौका मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने जर्मनी यात्रा के दौरान उनके द्वारा छह महीने में तैयार पीतल की नक्काशी वाले मटकों को वहां भेंट स्वरूप दिया था। यहां पर विदेशी मेहमानों को नक्काशी वाले बर्तन खरीदने का मौका मिलेगा, जोकि 50 हजार से एक लाख रुपये की कीमत तक के हैं। यहां दो किलो वजन का आठ ईंच नक्काशी वाला पीतल का मटका एक लाख रुपये की कीमत का है।

**हिमाचल : पांच हजार साल पुरानी कुल्लू शाल और देवता:** देवभूमि और पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश चार महीने से अब तक की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा को झेलते हुए विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए जी- 20 शिखर सम्मेलन में स्वागत के लिए पहुंच गया है। यहां 16वीं शताब्दी के चंबा रूमाल और चप्पलों को देखने और खरीदने का मौका है। यहां पर दिनेश कुमारी द्वारा तैयार चंबा रूमाल प्रदर्शित किया गया है, जिसकी कीमत एक लाख रुपये से अधिक है। इस रूमाल में मोर,श्रीकृष्ण,गणपति, पत्तियों को बेहद ही सिल्क के धागे से कढ़ाई से उकेरा गया है। हिमाचली दुल्हन कुल्लू के देवता की झांकी , नगाड़ा आदि पारंपरिक वाद्ययंत्र के अलावा 5000 साल पुरानी हिमाचल की कुल्लू शाल भी हैं।





## स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर ने लिया सुरक्षा का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की वार्ता शुरू हो चुकी है। जिसको लेकर दिल्ली पुलिस ने पूरे दिल्ली में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया है। वहीं, वार्ता में शामिल हुए विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने पूरी और नई दिल्ली जिले को अभेद्य किले में तब्दील कर दिया है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पुलिस व्यवस्था के बारे में स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर, देपेंद्र पाठक ने बताया, दिल्ली पुलिस कई महीनों से तैयारी कर रही थी और आज वह फाइल दिन है, जिसका हमको इंतजार था। पुलिस काफी सतर्क है... कॉन्स्टेबल से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक हम



सभी ग्राउंड पर तैनात हैं... हम सतर्कता के साथ अपना काम कर रहे है... हमें दिल्ली के नागरिकों से भी सहयोग मिल रहा है। दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर पेशेवर तौर पर काम करने उदाहरण पेश किया है। स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर ने रिंग रोड पर आईपी डिपो के पास में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान जामा मस्जिद के पास सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बताते हुए विशेष सीपी, कानून और व्यवस्था ने कहा कि इलाके में पुलिस की रणनीतिक और पर्याप्त तैनाती है... स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है... हम इसे बनाए रखना जारी रखेंगे...।

**सेना के हवाले नई दिल्ली:** नई दिल्ली जिले की सुरक्षा सेना को सौंप दी गई है, जिसके बाद से जिले में किसी भी व्यक्ति को एंट्री की नहीं मिल रहा है। वहीं, सेना की पायलट गाड़ी में सवार होकर सेना के अधिकारी लगातार सड़कों पर घूम कर बैरेकेड पर तैनात पुलिसकर्मियों और पारा मिलिट्री की कार्यप्रणाली की जांच कर रहे हैं।

## पंजाब : चटख रेशमी धागे से तैयार फुलकारी और जूती है खास

**हुनर को मौका**

**⏩ लाजवंती कहती हैं कि जी 20 के इस मंच पर उन्हें अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मौका मिला**



**पंजाब** पवेलियन में विदेशी मेहमानों को विश्व प्रसिद्ध फुलकारी को बनाने की कला से लाइव रूबरू होने का मौका मिलेगा। यहां पर 67 वर्षीय पद्मश्री अवार्डी लाजवंती फुलकारी पर लाइव डेमो के दौरान बनाकर दिखाएंगी। सात साल की उम्र से सूती और रेशम के कपड़ें पर रेशम के धागे से फुलकारी बनाती लाजवंती कहती हैं कि जी 20 के इस मंच पर उन्हें अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मौका मिला।

**हरियाणा** : राखीगढ़ी में खुदाई के दौरान मिले सिंधु-सरस्वती सम्यता से जुड़े मिट्टी के बर्तन हरियाणा पवेलियन में हरियाणा के हिसार स्थित राखीगढ़ी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की खुदाई के दौरान मिले सिंधु-सरस्वती सभ्यता से मिलते-जुलते मिट्टी के बर्तनों को दर्शाया गया है। इसका मकसद विदेशी मेहमानों को भारतवर्ष की सबसे प्राचीनतम सिंधु-सरस्वती सभ्यता के बेहतर सिविलाइजेशन से रूबरू करवाना था। यहां दशार्या गया है कि हजारों वर्ष पहले उस जमाने में लोग मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाते थे।

**उत्तराखंड** : भगवान केदारनाथ-बद्रीनाथ के साथ कुमाऊंनी दुल्हन का दीदार देवभूमि और पहाड़ी राज्य उत्तराखंड पवेलियन में विदेशी मेहमान भगवान केदारनाथ-बद्रीनाथ के दर्शन करेंगे। इसके अलावा उन्हें पहाड़ी दुल्हन के रूप में कुमाऊंनी दुल्हन देखने को मिलेगी। पारंपरिक वेशभूषा में तैयार कुमाऊंनी दुल्हन उत्तराखंड की पहाड़ी संस्कृति, कला को खूबसूरती से पेश की रही हैं। इसके अलावा पहाड़ी मसालों से तैयार चाय भी खास है। सर्दी, जुकाम, बुखार में इस चाय का एक कप राहत देने वाला होता है।

**जम्मू-कश्मीर और लद्दाख : पशमीना की पेशकश** विदेशी मेहमानों को केंद्र शासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख बेहद भाने वाला है। यहां कला, संस्कृति के साथ-साथ याक की ऊन से तैयार शुद्ध पशमीना को शो केस किया गया है। जम्मू-कश्मीर के कश्मीर की की 15वीं शताब्दी की चटकीले रंग वाली पेपर मेशे पेटिंग का लाइव डेमो दिया जा रहा है। उधर, लद्दाख अपनी जीआई टैग आधारित जटिल डिजाइन, अद्वितीय पैटर्न पर आधारित काष्ठ नक्काशी पेश कर रहा है।

## लिट्टी चोखा, इमली की चटनी... मेन्यू आया सामने

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी20 शिखर** सम्मेलन यानी नौ सितंबर से शुरू हो गई इस शिखर सम्मेलन में रात्रि भोजन होगा, जिसकी तैयारियां लगभग हो गई है। दुनिया के ताकतवर मुल्कों के राष्टाध्यक्षों के लिए राष्ट्रपति की तरफ से आयोजित इस रात्रि भोजन में चांदी के बर्तन में खाना परोसा जाएगा। भोजन में सभी मौसमी सब्जियों का उपयोग किया जाएगा।
मेन्यू में रहेंगे ये व्यंजन: सूत्रों ने बताया कि इसमें पनीर लबाबदार, सब्ज कोरमा, आलू लियोनेज, काजू मटर मखाना, ज्वार दाल तड़का, प्याज जीरा का पुलाव, ककड़ी रायता, तंदूरी रोटी, बटर नान, कुल्चा, भुना हुआ बादाम और सब्जी शोरबा, कुट्टू का मालपुआ, लिट्टी-चोखा, मसाला डोसा,




जलेबी, गुलाब-जामुन और केसर पिस्ता रसमलाई जैसी मिठाइयां शामिल होंगी। इन चांदी के बर्तनों को राजस्थान के जयपुर स्थित आईआरआईएस मेटल वेयर द्वारा तैयार किया गया है। इन बर्तनों की प्रदर्शनी इंडिया हैबिटेट सेंटर में मंगलवार को हुई थी। कंपनी के मालिक ने बताया कि चांदी के ये बर्तन दिल्ली के होटलों में भी भेजे गए हैं, जहां पर विदेशी मेहमान ठहरे हुए हैं।
मेहमानों की खानपान की गुणवत्ता पर भी रखी जा रही है नजर: दिल्ली सरकार का खाद्य सुरक्षा विभाग जी20 के मेहमानों के होटलों में खानपान की वस्तुओं की गुणवत्ता पर नजर बनाए हुए हैं। गुणवत्ता की जांच के लिए 18 खाद्य सुरक्षा अधीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। विभाग की जांच के बाद ही वस्तुओं के खान-पान में इस्तेमाल का प्रविधान किया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि वैसे तो होटलों से नियमित तौर पर भी खाद्य वस्तुओं के सैंपल उठाए जाते हैं, लेकिन अभी निगरानी बढ़ा दी गई है।

## यमुना में डूबकर 10वीं कक्षा के छात्र की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी दिल्ली** के बुराड़ी इलाके में यमुना में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से 10वीं कक्षा का एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने यमुना के पास मौजूद गोताखोरों की मदद से छात्र को पानी से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचायाए तब तक उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक साथ इलाइचीपुर, लोनी, गाजियाबाद निवासी 16 वर्षीय सुमित अपने परिवार के रहता था। इसके परिवार में पिता विजय कुमार पांडेय, मां पूनम और दो छोटे बहन व भाई हैं। सुमित सिविल लाइंस स्थित एक सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था। शनिवार दोपहर के समय वह नहाने के लिए यमुना खादर चौहान पट्टी के नजदीक पहुंचा। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। लोगों ने उसे बचाने का भी प्रयास किया, लेकिन वह पानी में समा गया। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों की मदद से सुमित को पानी से बाहर निकाला। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुमित की मौत की खबर मिलने के बाद से उसके परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। बुराड़ी थाना पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की छानबीन कर रही है।

## दिल्ली-एनसीआर में कई इलाकों में रिमझिम बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बीते** कई दिनों से गर्मी से परेशान दिल्ली-एनसीआर वालों को शुक्रवार को बारिश से कुछ राहत मिली। पहले हवाओं ने मौसम को थोड़ा ठीक किया फिर रिमझिम बारिश ने राहत पहुंचाई। मौसम विभाग ने आज भी बारिश की उम्मीद जताई है। शुक्रवार देर रात के बाद दिन में भी कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई। पूरे दिल्ली-एनसीआर में हवाएं चलती रहीं, जिसके कारण लोगों को उमस भर गर्मी से राहत मिली। इससे पहले मौसम ने अचानक करवट ली और कुछ इलाकों में बारिश की बूंदों ने भिगोया था। यही सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा।



आसमान में काले बादलों व हवाओं के चलने से मौसम जरूर सुहावना हो गया। इससे पहले दिल्ली में शुक्रवार सुबह से ही तेज धूप व उमस पसीने निकाल रही थी। शाम होते-होते कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। इससे गर्मी पर कुछ खास असर नहीं पड़ा। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 36.4 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के

**राहत**

**⏩ पहले हवाओं ने मौसम को थोड़ा ठीक किया फिर रिमझिम बारिश ने राहत पहुंचाई, उमस से राहत**

अनुसार 9 व 10 सितंबर को हल्की बारिश का अनुमान है। 14 सितंबर तक के पूवार्नुमान के अनुसार तापमान 36 से 37 डिग्री के बीच रहेगा। अभी उमस व गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। एक महीने से अधिक समय से तेज बारिश नहीं होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है।

## कहासुनी होने पर नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में कुछ दिन पूर्व कहासुनी के बाद एक नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अदनान (17) के रूप में हुई है। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। अदनाम के चेहरे, गर्दन, सीने, पेट समेत शरीर पर चाकू के दर्जनभर से अधिक घाव मिले हैं। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। शुरूआती जांच के बाद पुलिस को पता चला है कि एक सप्ताह पूर्व अदनान का कुछ लड़कों से झगड़ा हुआ था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उन लड़कों ने ही वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक अदनान परिवार के साथ मूंगा नगर, दयालपुर इलाके में रहता था। इसके परिवार में पिता मोहम्मद शाहदाब के अलावा मां और तीन बड़े बहन-भाई हैं। अदनान दर्जी का काम करता था। शुक्रवार शाम को वह अपने घर से निकाला था। इस बीच नाला रोड, ब्रिजपुरी पुलिया, चांदबाग के पास तीन लड़कों ने उसे रोक लिया। आरोपितों ने अचानक चाकू निकालकर अदनान पर हमला कर दिया। अदनान बचने के लिए इधर-उधर भागा। लेकिन आरोपित पीछा कर उस पर हमला करते रहे। बाद में आरोपित फरार हो गए।

## मृतकों के नाम ऑटो परमिट मामले में एसीबी सख्त

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** मृतकों के नाम से जारी आटो परमिट मामले में नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। परिवहन विभाग में मृतकों के नाम पर ऑटो के परमिट जारी कर देने के तीन और मामले मामले आए हैं। जल्द ही इन मामलों में भी कुछ और ऑटो फाइनेंसरों, दलालों और अधिकारियों पर गाज गिरने की संभावना है। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) इन पर भी शिकंजा कसने जा रही है।

**दिल्ली में दलालों और अधिकारियों के बीच लंबे समय से गठजोड़:** अब तक एसीबी परिवहन विभाग के एक निरीक्षक सहित 15 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। दिल्ली में दलालों,




परिवहन विभाग के निचले स्तर के अधिकारियों और फाइनेंसरों के बीच लंबे समय से गठजोड़ रहा है। भ्रष्टाचार की बहती नदी में सभी ने जमकर हाथ धोए हैं। विभाग में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि सामान्य आदमी या ऑटो चालक अपना जो काम नहीं करा पाता है, वह काम दलाल और ऑटो फाइनेंसर चुटकियों में करा लेते हैं। सीधी-सी बात है कि विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बगैर यह काम नहीं हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि कोरोना काल में जब लोग काम कराने के लिए कार्यालयों के

**कार्रवाई होगी**

**⏩ ऑटो खरीदार जब परमिट होल्डर के घर गए तो पता चला कि इसका परमिट होल्डर तो चार वर्ष पहले ही मर चुका है**

चक्कर लगाने से बच रहे थे, उस समय फाइनेंसरों व दलालों की मिलीभगत से विभाग के लोगों ने कारस्तानी कर दी। डीएल 1एन सीआर 2290 की बिक्री एक वर्ष पहले हुई थी।

**फाइनेंसर करता रहा गुमराह...:** खरीदार ने फाइनेंसर से लगातार इस गाड़ी का परमिट अपने नाम करवाने की गुहार लगाई, लेकिन फाइनेंसर लगातार गुमराह करता रहा। ऑटो खरीदार अशोक कुमार सिंह जब परमिट होल्डर के घर गए तो मकान मालिक ने बताया कि इसका परमिट होल्डर तो चार वर्ष पहले ही मर चुका है और परिवार दिल्ली छोड़कर अन्यत्र चला गया है। हैरानी की बात यह है कि एक वर्ष पहले इस आटो का परमिट नवीनीरण किया गया, जबकि उस वक्त या तो परमिट होल्डर को पेश होना पड़ता है या उसके आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर पर परिवहन विभाग ओटीपी भेजकर उसकी मंजूरी लेता है। लेकिन, इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। डीएल 1आर-डब्ल्यू 1174 नंबर के आटो का 30 नवंबर, 2017 को पंजीकरण हुआ था।

## जामा मस्जिद के निकट बम की झूठी कॉल से मची अफरातफरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान दिल्ली पुलिस के हाथ पांव उस समय फूल गए जब शनिवार की सुबह जामा मस्जिद इलाके में बम की सूचना मिली। कंट्रोल रूम ने आनन-फानन में मौके पर टीम रवाना की। छानबीन में यह सूचना झूठी निकली। पता चला है कि शनिवार की सुबह एक लड़के ने जामा मस्जिद के निकट कोई संदिग्ध लावारिस चीज देखी। उसने उसे बम समझ कर फौरन पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर दी। राजधानी में जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के मद्देनजर

**सूचना**

**⏩ शनिवार की सुबह एक लड़के ने जामा मस्जिद के निकट कोई संदिग्ध लावारिस चीज देखी**

बिना समय गंवाए सायरन बजाती हुई पुलिस की गाड़ियां, बम स्क्वाड और डॉग स्क्वाड आदि टीमें मौके पर पहुंच गईं। हालांकि बम की कॉल से कुछ देर तक पैनिक वाली स्थिति बनी रही लेकिन जब छानबीन में कुछ नहीं मिला तो पुलिस ने राहत की सांस ली। उधर, पटेल नगर इलाके में एक और मामला सामने आया, जिसमें पुलिस को ड्रोन उड़ने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि कोई लड़का ड्रोन उड़ा रहा था। वहां पर किसी बच्चे की बर्थ डे पार्टी चल रही थी, जिसमें ड्रोन के जरिए फोटो ग्राफी की जा रही थी। पुलिस ने ड्रोन को जब्त कर लीगल एक्शन ले रही है। इन दोनों ही मामले की पुष्टि डीसीपी संजय सैन ने की है। उन्होंने बताया कि दोनों ही मामलों में नाबालिग की भूमिका सामने आई है।

# 'जिन बस्तियों में गंदगी के कारण मच्छरों की भरमार, वहां करवाई जा रही फॉगिंग'

## पिछले कई वर्षों से कविता राजीव जैन द्वारा स्वयं के प्रयासों से हर बार इस मौसम में फॉगिन्ग करवा कर राहत प्रदान करवाई जाती है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर की जिन** जिन कॉलोनियों में डेंगू बुखार से पीड़ित केस आ रहे हैं उन कालोनियों में प्राथमिकता के आधार पर मच्छर मार दवाई का छिड़काव करवाने की मुहिम पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन की तरफ से शुरू की गई है। इसके अलावा भी विशेषकर जिन बस्तियों में गंदगी के कारण मच्छरों की भरमार है वहां लगातार फोगिंग करवाई जा रही है ! शहर वासियों की मांग पर पिछले कई वर्षों से कविता राजीव जैन द्वारा स्वयं के प्रयासों से हर बार इस मौसम में फॉगिन्ग करवा कर राहत प्रदान करवाई जा रही है।

राजीव जैन ने आगे बताया कि स्वास्थ्य विभाग से सूची लेकर पिछले तीन



दिनों में सेक्टर 12, 14, 15, देवडु रोड, ट्यूलिप हस्पताल के आस पास, जीवन विहार मुरथल रोड, नंदवानी नगर, सुभाष चौक, राजिंदर नगर, सिक्का कॉलोनी, तारा नगर आदि जगहों पर व्यापक स्तर पर फोगिंग करवाई गई। स्वास्थ्य विभाग की अभी तक की प्राप्त सूची के अनुसार 34 डेंगू के मरीज मिल चुके हैं और आगे भी कॉलोनियों में जा जा कर कूलर की टंकियों आदि की देखरेख करते हुए जहाँ जहाँ पर पानी खड़ा मिल रहा हैं, उनको खाली करवाया जा रहा हैं।

**सावधानी बरतें**

**भारी बरसात के बाद मच्छर एवं बैक्टीरिया पैदा हो रहे हैं जिस कारण अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया से पीड़ित मरीज लगातार अस्पतालों में पहुंच रहे**

राजीव जैन ने कहा कि भारी बरसात के बाद मच्छर एवं बैक्टीरिया पैदा हो रहे हैं जिस कारण अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया तथा टाइफाइड से पीड़ित मरीज लगातार अस्पतालों में पहुंच रहे हैं! राजीव जैन ने नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों को डेंगू, मलेरिया के बढ़ते केसों के मद्देनजर स्पेशल अभियान चलाने का भी अनुरोध किया हुआ हैं।

## रसोई गांव के ग्रामीण से धोखाधड़ी कर एक लाख रुपये ऐंठे

**सोनीपतः** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव रसोई के ग्रामीण से धोखाधड़ी करके एक लाख रुपये ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं साइबर सेल की मदद से ठग तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। गांव रसोई निवासी दीपक ने बताया कि वह रघुबीर नंबरदार के पौत्र है। उनके पास उनके दादा के दोस्त नंबरदार लहणा सिंह ने 4 सितंबर को कॉल की थी कि उनके जानकार केवल गुप्ता के परिचित अस्पताल में भर्ती है। केवल गुप्ता ने उन्हें कॉल कर कहा है कि वह अमेरिका में है। ऐसे में अपने परिचित की मदद नहीं कर सकते।

## तुलसी सैपलिंग्स के बच्चों को मंदिर में दिव्य दर्शन कराये



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** तुलसी सैपलिंग्स के नन्हें मुन्ने बच्चे अपनी अध्यापिकाओं सहित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर सेक्टर सात में ईश्वर आराधना के लिए गए। मंदिर की सजावट देखने योग्य थी। मंदिर समिति द्वारा सभी बच्चों तथा अध्यापिकाओं का स्वागत किया गया। नन्हें-नन्हें बच्चों ने ईश्वर की पूजा- अर्चना की। बच्चों तथा अध्यापिकाओं ने विभिन्न भजन गाए। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर समिति के द्वारा सभी बच्चों तथा अध्यापिकाओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई तथा उनके द्वारा स्कूल के इस कदम की अत्यंत सराहना की गई।

# विधायक ने सेक्टर 7 में लाखों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

## सैक्टर 1 व सैक्टर 7 के साथ-साथ मनाली हाउस में निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया

**विकास कार्य**

**अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास का पहिया निरंतर घूम रहा है: विधायक गोयल**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने वार्ड नम्बर 13 के तहत सैक्टर-1 व हाउसिंग बोर्ड सैक्टर-7 में लाखों रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में ग्रिन बैल्ट, गलियों का निर्माण कार्य, गलियों की मरम्मत, रेन वाटर पाईप लाईन के साथ-साथ पीवीसी पाईप लाईन डाले जाने के निर्माण कार्य शामिल हैं। सभी जगहों पर विधायक का स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन करते हुए इन निर्माण कार्यों की सौगात देने के लिए उनका धन्यवाद भी किया। विधायक असीम गोयल ने इन विकास कार्यों के शिलान्यास की सम्बन्धित क्षेत्रवासियों की बधाई देते हुए कहा कि अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास का पहिया निरंतर घूम रहा है। यह पहिया आगे भी निरंतरता में घूमेगा। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में



अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतरता में करवाकर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों को और सुंदर एवं विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज अम्बाला शहर में सैक्टर 1 व सैक्टर 7 के साथ-साथ मनाली हाउस में निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा युवा नेता ध्रूव त्रिखा की अध्यक्षता में कई युवा विभिन्न पार्टियों को छोडकर भाजपा पार्टी में शामिल हुए। विधायक ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवाओं को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिए जाने की बात कही। इस मौके पर विधायक ने यह भी कहा कि पूरे विश्व में देश की ख्याति जननायक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ी है, उनकी नीतियों से प्रभावित होकर भारत निश्चित रूप से विश्व गुरू बनेगा और युवा ही किसी क्रांति व आंदोलन के वाहक होते हैं। आज युवाओं ने भाजपा पार्टी का जो दामन थामा है, परिवार को बड़ा करने का काम किया है, मै सभी युवा साथियों का भाजपा पार्टी में स्वागत करता हूं।

बॉक्सः- इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक असीम गोयल ने कहा कि अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास रूपी पहिया निरंतरता में जारी है। विकास कार्यों को और तीव्र गति से करवाते हुए शहर व गांवों को और सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जायेगा। पिछले दिनों भारी वर्षा के चलते जहां पर गलियां व सडकें क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें भी ठीक करवाने का काम किया जायेगा।

**ये रहे मौजूदः-**

इस मौके पार्षद यतिन बंसल, पार्षद हितेष जैन, चंद्रगुप्त बंसल, ध्रूव त्रिखा, अरविंद अग्रवाल लक्की, पुष्पा गुप्ता, सुंदर ढींगरा, अतुल आहुजा, अमनदीप सिंह, विनोद बंसल, आर्यन बत्रा के साथ-साथ भाजपा पार्टी के अन्य मौजूद रहे।

## जिले में खाद के 63 सैंपलों में सात मिले फेल

**सोनीपतः** सोनीपत कृषि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों से खाद, बीज व दवाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेज जा रहे है। लैब से अब इन सैंपलों की जांच रिपोर्ट भी आनी शुरू हो गई है। कृषि विभाग ने गत दिनों अलग-अलग स्थानों पर स्थित दवाइयां व खाद विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी करके सैंपल एकत्रित किए थे। जिनकी रिपोर्ट मिलने पर सात सैंपल खाद के फेल मिले है। वहीं 4 सैंपल दवाइयों के फेल मिले है। ऐसे में कृषि विभाग ने संबंधित खाद व दवाई विक्रेताओं के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

बता दें कि किसानों को बेहतर गुणवत्ता का खाद, बीज व दवाइयां उपलब्ध हो सके, इसके लिए कृषि विभाग द्वारा विशेष छापेमारी अभियान की शुरूआत की है।

# शिव मंदिर में 2 कन्याओं का विवाह करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जेसीआई अम्बाला द्वारा शिव मंदिर, प्रीत नगर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम "कन्यादान" का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान 2 जोड़ो की हिंदू रीति-रिवाज द्वारा विवाह करवाया गया। जेसीआई अम्बाला के सदस्य एवम अम्बाला वासी इस विवाह समारोह के साक्षी रहे। इस आयोजन के दौरान जेसीआई अम्बाला के इस प्रोजेक्ट के चयरमैन जेसी विभु अरोड़ा ने बताया कि वह और उनकी टीम पिछले डेड़ महीने से इस आयोजन से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रख रहे हैं ताकि इस आयोजन को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि यह सोच जेसीआई अम्बाला के प्रधान जेसी लक्षित अग्रवाल की रही जिन्होंने यह सुझाव दिया कि इस वर्ष एक



सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाए। जेसी विभु अरोड़ा ने आगे बताया कि इस तरह का आयोजन जेसीआई अम्बाला में पहले नहीं हुआ और अगर जरूरत पड़ी तो जेसीआई अम्बाला आगे भी इस तरह के आयोजन करेगा। इस वैवाहिक आयोजन के दौरान नव-विवाहित जोड़ो को सामान के तौर पर कपड़े, बर्तन, बेड, अलमारी एवम बाकि घर के सामान दिए गए जोकि कई जेसीआई एवम नॉन-जेसीआई मेंम्बर्स द्वारा उपलब्ध करवाए गए। विवाह में उपस्थित सभी अतिथियों ने वर- वधू को आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह के दौरान मेले जैसा नजारा था। वर-वधू के साथ उनके परिजन भी इस विवाह में उपस्थित रहे जिनकी रस्मों के साद मिलनी करवाई गई। जेसीआई अम्बाला की तरफ से सभी वर-वधू, बाराती एवम सभी

**सामूहिक विवाह**

**टीम पिछले डेड़ महीने से इस आयोजन से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रख रहे थे: अरोड़ा**

के लिए नाश्ता व खाने की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन के चीफ गेस्ट जेसीआई अम्बाला के पूर्व प्रधान जेसी सुभाष बंसल रहे। इस पूरे आयोजन का दारोमदार जेसी विभु अरोड़ा पर रहा जो इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन रहे तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर का दारोमदार जेसी नमन जैन, जेसी विशाल जैन, जेसी आशीष धीमान, जेसी दलवीर सिंह, जेसी मुकुल गुप्ता, जेसी दीनेश शर्मा एवम जेसी आतीशय जैन रहे।

# लाला जगत नारायण की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में अमर शहीद लाला जगत नारायाण की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 125 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर अनेक सामाजिक, राजनितिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। पंजाब केसरी के अंबाला ब्यूरों चीफ बलराम सैनी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में जपान से भी विशेषतौर पर आए अनुज कुमार ने रक्तदान किया



और संस्थान की जमकर तारीफ की। उन्होंने भारत में पंजाब केसरी द्वारा इस तरह किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वह जपान के लोगों को भी यहां की मानवता की सेवा की जानकारी देंगे।

आज के रक्तदान शिविर में सेवा ट्रस्ट यूके के नरेश मित्तल व उनकी टीम का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ नवीन गुलाटी ने रक्तदान का महत्व बताया।

**रक्तदान शिविर**

**125 युवाओं ने रक्तदान किया, अनेक सामाजिक, राजनितिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे**

## 20 वर्षों से कांग्रेस में रहकर कर रही हूं लोगों की सेवा: सुनीता राज आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ,कमाल हुसैन**

कांग्रेस पार्टी में 20 वर्षों से रहकर लोगों की सेवा कर रही हूं इसलिए मैं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी से आग्रह करती हूं, की समालखा विधानसभा से मेरे को टिकट दी जाए ' उक्त बातें प्रदेश महासचिव हरियाणा महिला कांग्रेस आई एडवोकेट सुनीता राज आर्य चुलकाना ने प्रेस वार्ता करते हुए कही ' सुनीता राज आर्य ने आगे कहा मैंने करोना महामारी में भी सैकड़ो लोगो को सुखा राशन दवाइयां कपड़े देकर सेवा की ' मैंने यह सेवा करके कोई एहसान नहीं किया लोगों की सेवा करना मेरा फर्ज है ' आने वाला समय अब कांग्रेस पार्टी का है, आए दिन लोग अब कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं मैंने अपनी राजनीति कांग्रेस पार्टी से शुरू की है। जिंदगी भर कांग्रेस पार्टी में रहकर ही लोगों की सेवा करूंगी वैसे भी कांग्रेस पार्टी ने घोषणा कर रखी है की 50 परसेंट महिलाओं के लिए सीट आरक्षित की हुई है ' इस मोके पर बबलू एडवोकेट ,ओम प्रकाश, वीर सिंह, मनजीत सिंह, कुमारी अंशिका, महेश हारिया, मधुबाला , कुमारी तृप्ति, राजेश कौशिक, ओमप्रकाश छौक्कर उपस्थित थे।

# शिक्षा सदन में यूथ पीस फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

**पौधारोपण**

**जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

जिला शिक्षा सदन के प्रांगण में यूथ पीस फाउंडेशन अंबाला ने पौधारोपण का एक विशेष अभियान चलाया। जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने कर कमलों से



पौधा रोपण किया। उन्होंने बताया की पौधारोपण एक पावन अनुभव है, एवं हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में दो पौधे जरूर लगाने चाहिए। पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करनी चाहिए, पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं अपितु इनके द्वारा दिए जाने वाले इतने लाभ हैं जिनका आंकलन भी नहीं किया जा सकता। इको क्लब के जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा 35 पौधे शिक्षा सदन में रोपित किए गए हैं जिनमें कचनार, जामुन, नीम ,आंवला , बहेड़ा, अमलतास आदि पौधे हैं। यूथ पीस फाउंडेशन संस्था के जिला समन्वयक बलराम धीमान ने बताया कि संस्था के द्वारा समय समय पर उचित स्थानों पर पौधारोपण किया जाता है, 31 अगस्त को संस्था ने चार सरकारी स्कूलों, गरनाला, मॉडल टाउन, जलबेड़ा व मटेडी में पौधारोपण किया था। इस अवसर संस्था के सदस्य संजीव कुमार, जयपाल, बलराम, परवीन कुमार, उमेश, बहादुर, दीपक, गुलजार सिंह सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के एस ओ वजिंदर, राज कुमार, स्टेनो हरीश, मोहन लाल उपस्थित थे।

# 'जी-20 सम्मेलन से अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मिलेगी मजबूती'

## एडवोकेट बलबीर सिंह बोले,जी-20 सम्मेलन के माध्यम से भारत पूरी दुनिया को देगा अमन और शांति का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

**लघु उद्योग भारती** हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कुशल नेतृत्व के माध्यम से भारत को दुनिया में सबसे सशक्त देश बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जी-20 सम्मेलन की प्रेसीडेंसी भारत को मिलना इस प्रयास का एक बहुत सफल उदाहरण है।

एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि जी-20 सम्मेलन से अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के प्रयास से भारत में दुनिया भर के देशों के प्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा है जो देश के भविष्य के लिए स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि भारत की राजधानी दिल्ली में चल रही जी- 20 समिट के ऐतिहासिक परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे। जब से भारत को इसकी प्रेसिडेंसी मिली है इसकी तैयारियां देश के कोने कोने पर दिखी है।

एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि जी -20 देशों में दुनिया की दो तिहाई आबादी है, जिनके पास ग्लोबल अर्थव्यवस्था की 85 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे। जी-20 समिट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ओपीनियन पीस



**जी20 सफल**

**मोदी अपने कुशल नेतृत्व के माध्यम से भारत को दुनिया में सबसे सशक्त देश बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे**

लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि जी-20 को लेकर हमारा एक ही मूल मंत्र है- वसुधैव कुटुंबकम, जहाँ वैश्विक कल्याण का लक्ष्य लेकर हम दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचना चाहते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का कहना है कि जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास साबित होगी।

एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि इस जी-20 सम्मेलन के माध्यम से भारत पूरा दुनिया को अमन और शांति का संदेश देगा और यही संदेश भारत के कुशल नेतृत्व का परिचायक होगा।

# अपनी परेशानियां बताने वालों को विपक्षी पार्टियों से जोड़ रहे मुख्यमंत्री खट्टर : डॉ. अशोक तंवर

## जनसंवाद कार्यक्रम में महिला के फैक्ट्री खोलने संबंधी सवाल पर मुख्यमंत्री कहते हैं कि तुम्हें चंद्रयान-4 में चांद पर भेज देंगे, ये जनसंवाद कार्यक्रम नहीं, सीएम खट्टर का विदाई पार्टी कार्यक्रम है

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद/चंडीगढ़**

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ.अशोक तंवर ने शनिवार को बयान जारी कर जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री खट्टर को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि सरकार का जनसंवाद कार्यक्रम पूरी तरह से विफल हो रहा है। कार्यक्रम में जनता मुख्यमंत्री से सवाल पूछ रही है तो मुख्यमंत्री न सवालों से भाग रहे हैं, बल्कि जनता के सवालों का उपहास बना रहे हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री खट्टर महिलाओं, युवाओं के सवालों को गंभीरता से लेने की बजाय जनता के सवालों का मजाक उड़ा रहे हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में महिला के फैक्ट्री खोलने संबंधी सवाल पर मुख्यमंत्री कहते हैं कि तुम्हें चंद्रयान-4 में चांद पर भेज देंगे। उन्होंने कहा कि ये जनसंवाद कार्यक्रम



नहीं, सीएम खट्टर का विदाई पार्टी कार्यक्रम है। सीएम खट्टर पूरे हरियाणा में घूम घूम कर जनसंवाद कार्यक्रम के नाम पर विदाई पार्टी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भाटोल जाटान की एक महिला ने मुख्यमंत्री खट्टर से गांव में फैक्ट्री लगाने की मांग की ताकि गांव में महिलाओं को रोजगार मिल सके। तो इस पर मुख्यमंत्री खट्टर कहते हैं कि जब अगली बार चंद्रयान-4 चांद पर जाएगा तो उसमें तुम्हे भेज देंगे। इस तरह से महिलाओं के सवालों का उपहास बनाना सीएम खट्टर की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम में केवल सरकार की तारीफ करने वालों को ही बोलने का मौका दिया जा रहा है। जो भी सरकार को अपनी परेशानियां बता रहा है, उसको मुख्यमंत्री खट्टर विपक्षी पार्टियों से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्व पन्ना प्रमुख ने जनसंवाद कार्यक्रम में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। होमगार्ड भर्ती में ज्वाइनिंग को लेकर बहुत धांधली हो रही है। होमगार्ड में पैसों के बगैर किसी भी जवान को ज्वाइन नहीं करवाया जाता। इस पर सीएम खट्टर कहते हैं कि बिना किसी सबूत के इन आरोपों को नहीं मानेंगे। मुख्यमंत्री खट्टर जनसंवाद कार्यक्रम में जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय सुबूत मांग रहे हैं। क्या सीएम खट्टर को प्रदेश की जनता पर विश्वास नहीं है? इसके अलावा एक युवक ने सीईटी और फैमिली आईडी में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए तो मुख्यमंत्री खट्टर कहते हैं कि ये विपक्ष का आदमी है, इसको उठाओ और बाहर ले जाओ। पुलिस कर्मचारी युवक को वहां से घसीटते हुए उठकर बाहर ले जाते हैं।

**साधा निशाना**

**कार्यक्रम में जनता मुख्यमंत्री से सवाल पूछ रही है तो मुख्यमंत्री न सवालों से भाग रहे हैं, बल्कि जनता के सवालों का उपहास बना रहे**

## न्यूज फ्लैश

### मेपल बेयर कैनेडियन स्कूल में उत्साह पूर्वक मना ग्रैंड पेरेंट्स डे




**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**मेपल बेयर** कैनेडियन स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे उत्साह पूर्वक मनाया गया। छात्रों ने ग्रैंड पेरेंट्स डे अपने दादा दादी ,नाना नानी के साथ बड़ी उमंग व जोश के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने शिरकत की।कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की निर्देशिका डॉ सुनीता शर्मा ने स्कूल में आए स्कूल में आए बच्चों के दादा-दादी नाना नानी का स्वागत करके किया उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी को ग्रैंड पेरेंट्स डे की शुभकामनाएं दी। डॉ सुनीता शर्मा ने कहा कि दादा-दादी का रिश्ता एक ऐसा रिश्ता होता है, जिसके प्रेम से पीढ़ियां फलती-फूलती हैं। दादा-दादी के इसी प्रेम के प्रति आभार जताने के लिए प्रत्येक वर्ष ग्रैंड पैरेंट्स डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि दादाझ्रदादी ही बच्चों की पहली पाठशाला हैं। छोटे बच्चों के लिए ग्रैंड पैरेंट्स मजबूत धागे होते हैं, जिसके जरिए बच्चे सुंदर रेशे की तरह हो जाते हैं। आज की आधुनिकता के कारण व बढ़ते सोशल मीडिया के प्रति रुझान को देखते हुए छात्र अपने दादा दादी नाना-नानी से अलग होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन दादा-दादी, नानी-नानी का दिन। कभी दादा-दादी बच्चों की लाइब्रेरी हैं, तो कभी उनका गेम सेंटर। ये अच्छे टीचर हैं तो कभी उनका सपोर्ट करने वाले व्यक्ति भी। वे हमारे घरों में सबसे अनुभवी होते हैं। इसलिए जिन्दगी जीने के जितने तरीके वो आपको बताते हैं कोई नहीं बता सकता। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि आज हमारे दादा-दादी को कुछ नहीं चाहिए, बस अपने बच्चों का थोड़ा समय चाहते हैं वो। वे भी हमारी पीढ़ी के साथ चलने की कोशिश करना चाहते हैं। उन्हें आदर-सम्मान और अपने बच्चों के साथ वक्त बिता पाएं, इसी उद्देश्य के साथ दुनियाभर में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया जाता है। इसके बाद बच्चों ने अपने दादा-दादी व नाना-नानी के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रमों से दिखाया कि उनके जीवन में उनके दादा-दादी व नाना-नानी का कितना अहम योगदान है। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से अपने बुजुर्गों का सदैव सम्मान करने का संदेश भी दिया। इसके बाद स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स के लिए अंताक्षरी और कौन बनेगा चैम्पियन जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी ग्रैंड पेरेंट्स ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। स्कूल निर्देशिका डॉ सुनीता शर्मा ने सभी ग्रैंड पेरेंट्स का अभिनन्दन करते हुए इस दिन की शुभकामनाएँ दी और इस कार्यक्रम में आने के लिए बहुत धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रैंड पेरेंट्स ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि चेयरपर्सन सरोज राठी को स्कूल की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### आर आर काबेल लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा 13 सितंबर, 2023 को

**नोएडा ।** आर आर काबेल लिमिटेड ("कंपनी"), बुधवार, 13 सितंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों की अपना आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफर- प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश) खोलेगी। ऑफर में 180 करोड़ रुपये (1,800 मिलियन) तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इशू और 17,236,808 इक्विटी शेयर तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है ("ऑफर फॉर सेल" और फ्रेश इशू के साथ, "आईपीओ") जिसके तहत मौजूदा शेयरधारकों की हिस्सेदारी बेची जाएगी ।इस ऑफर में 10.8 करोड़ (108 मिलियन) तक के इक्विटी शेयरों का आरक्षण भी शामिल है जो 6 सितंबर 2023 ("आरएचपी") मुंबई, महाराष्ट्र में कंपनी रजिस्ट्रार के पास दायर रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में वर्णित तरीके से कंपनी के कुछ पात्र कर्मचारियों ("कर्मचारी आरक्षण खंड") के लिए आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। कर्मचारी आरक्षण खंड में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 98 की छूट की पेशकश की जा रही है। कर्मचारी आरक्षण खंड को घटाने ने बाद यह ऑफर "नेट ऑफर" है। एंकर निवेशक बोली की तारीख, मंगलवार, 12 सितंबर, 2023 होगी। ऑफर, अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के लिए बुधवार, 13 सितंबर, 2023 को खुलेगा और शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023 को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 983 से 1,035 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 14 इक्विटी शेयरों के के लिए और उसके बाद 14 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। कंपनी फ्रेश इश्यू के जरिये जुटाई गई राशि का उपयोग, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिए गए उधार के पूर्ण या आंशिक भुगतान या पूर्व भुगतान के लिए करेगी, जो अनुमानित तौर पर 136 करोड़ (1,360 मिलियन) है; और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए होगी।

# जनस्वास्थ्य विभाग ने शुरू करवाया नालों की सफाई का काम

## जेई ने कहा की बीच में एक महीने के करीब लेबर चली गई थी, अब दोबारा से शुरू करवाया है

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**शहर में** 6 लाख रुपएं का टैंडर होने के बाद भी जनस्वास्थ्य विभाग द्वार बाजार में एक भी बार भी नालों की सफाई नही करवाई। अब सफाई के लिए उन्होंने बार- बार जेई के पास चक्कर काटे और नालों की सपनऊाई करने के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों तक शिकायत करने के लिए कहा तो उसके बाद नालों की सफाई शुरू हुई है। यह कहना है वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन, पार्षद प्रतिनिधि गौरव जैन का। पार्षद ने कहा कि नाले की सफाई का दबाव बनाने पर अब जेई ने उन्हें कहा कि एक बार तो नालों की सफाई हो चुकी है। लेकिन में सन्तुष्ट नही हुं। इसलिए अब दोबारा से सफाई करवा देता हुं। अब बरसात का मौसम चला गया तो उन्हें नालों की सफाई करवाने की याद आई है।




**बरसात का मौसम चला गया लेकिन अब तक नालों की सफाई नही हुई : शहरवासी**

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बरसात के मौसम के द्दष्टिगत सावन माह में शहर के नालों की सफाई के लिए करीब 14 लाख रुपएं की सफाई का टैंडर लगाया था। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण टैंडर लगने कई माह बाद भी शहर में नालों की सफाई नही हुई है। गौरव जैन ने कहा कि शहरवासी का भी कहना कि बरसात के मौसम में लोगों को जलभराव की परेशानी को झेलना पड़ा। विभाग के अधिकारियों ने नालों की सफाई का काम अपनी तरफ से पूरा कर लिया था।

**लेबर चली गई थी एक महीने बाद आई है, अब नालों की सफाई शुरू करवाई है : जेई**

- जनस्वास्थ्य विभाग के जेई राजेश छौक्कर ने कहा कि नालों की सफाई के काम के चलते एक महीने तक लेबर अपने घर चली गई थी। अब आई है। नालों की सफाई का काम शुरू करवा दिया है। नालों की सफाई न कराने की बात गलत कह रहे है।

**इन नालों की 6 लाख में होनी थी सफाई**: जेई ने बताया कि 6 लाख रुपएं के टैंडर से विभाग ने रेलवे स्टेशन के पास शराब के ठेके से लेकर माडल संस्कृति स्कूल तक व गढ़ी केसरी से लेकर गैस गोदाम के आगे से बादशाही रोड से माडल संस्कृति स्कूल तक करवाने के साथ फिर माडल संस्कृति स्कूल के साईड में बना नाला जो ईदगाह रोड पर बने डिस्पोजल तक जाता हे। उसकी सफाई करवा दी गई है।

## 'थाने पर आने वाले फरियादियों का संतुष्ट होना आवश्यक'

**टीम एक्शन इंडिया/बहराइच**
**जन** समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित थाना समाधान दिवस का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने थाना फखरपुर व कोतवाली नगर का निरीक्षण किया।
मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। थाना फखरपुर के निरीक्षण के दौरान थाना दिवस रजिस्टर के अवलोकन में स्पष्ट व साफ-सुथरा अंकन पाये जाने पर डीएम व एसपी ने सम्बन्धित कामिकों की सराहना की। समाधान दिवस में पाया गया कि प्राप्त हुए 09 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया है जबकि 01 प्रकरण के निस्तारण हेतु मौका मुआयना के लिए टीम भेती गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि समाधान दिवस पर आये हुए प्रार्थना-पत्रों को निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जाय ताकि फरियादी की गई कार्यवाही से संतुष्ट हो जाये। इस अवसर पर तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव, थानध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसके बाद डीएम व एसपी ने कोतवाली नगर पहुंचकर जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि समयबद्धता के साथ प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण कराएं। थाना समाधान दिवस में प्राप्त हुए प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध की गई कार्यवाही का जायजा लेने के उद्देश्य से डीएम व एसपी ने समाधान दिवस पंजिका का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में निशुल्क दवाईयां देकर डा. अंकिता ने किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**आयुष विभाग** द्वारा गांव तेवड़ी में डा. अंकिता द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में लोगों को मधुमेह, शिरशुल, दमा, वात रोग और महिला रोग आदि रोगों की दवाइयों का वितरण किया। डा. अंकिता ने लोगो को बदलते मौसम में स्वच्छ रहने के प्रति जागरूक किया। शिविर में योग सहायक जीत राम और प्रवीन देवी ने यौगिक कियाएं के बाद बताया कि प्राणायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। आयुर्वेदिक औषधालय खेलने कीह मांग की। शिविर में फार्मासिस्ट धर्मेंद्र ने दवाईयां दी। शिविर में गांव के मास्टर सुशील मलिक, नाहर सिंह, सरपंच रेनू बाला और आशा कार्यकर्ता पूनम, कुलदीप, अनिल, संदीप, सोमबीर, संतोष, शीला ने सहयोग करवाया।

## बेटे-बहू के साथ मारपीट, माता-पिता सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज

**गन्नौर: गन्नौर गांव** में बेटे व बहू के साथ परिवार के सदस्यों द्वारा ही मारपीट करने का मामला सामने आया है। थाना गन्नौर में दी गई शिकायत में जयकिशन निवासी गन्नौर गांव ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बड़ी फैक्टरी में काम करता है। 8 सितंबर की शाम को उसकी पत्नी पड़ोसी के नल से पानी भर रही थी। उसी दौरान उसके माता-पिता और भाई-बहन ने उसकी पत्नी से गाली गलोच करने लगे। जब उनका विरोध किया तो सभी ने मिलकर उन की पिटाई कर दी। पुलिस ने जयकिशन की शिकायत पर मनोहर लाल, निर्मला देवी, योगेश और ज्योति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गांव की सुख-शांति-समृद्धि के लिए मन्दिर में करवाया हवन यज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**राजलू गढ़ी** गांव के शिव मन्दिर में गांव की सुख-शाति व समृद्धि के लिए पावन हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के लिए यज्ञ में आहुतिया डाली। सबके लिए मंगलमय जीवन की कामना की। महंत मौनी बाबा ने पावन यज्ञ की मनुष्य जीवन में महिमा के बारे में बताया और कहा कि यज्ञ अनादि काल से हमारे ृषि-मुनियों, तपस्वियों द्वारा निर्धारित एक बहुत ही अनूठी प्रक्रिया है। जितनी प्राचीन यह दुनिया जगत है उतनी प्राचीन यज्ञ की प्रक्रिया है। यज्ञ से वातावरण शुद्व होता है। अन्न, धन की वृद्धि होती है। यज्ञ एक उचार की पद्धति है जिससे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व व्यवाहरिक समस्याओं का समाधान होता है। दुखों से छुटकारा पाया जा सकता है। यज्ञ से तमाम पाप-संताप दूर होत है, नाकारात्मक उर्जा समाप्त होती है। महंत ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्म ज्ञान के श्रेष्ठता का व्याख्यान करते हुए कहा कि भक्ति मार्ग से नवद्या भक्ति के बिना निज स्वरुप आत्मा का ज्ञान एवं बोध नहीं हो सकता अर्था श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, सारण्य और आत्म निवेदन यही नवद्या भक्ति है।



## अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का उद्देश्य : माईराम

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**विमुक्त एवं घुमंतु** जातियों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुरथल की आर के कॉलोनी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुरथल में मेले का आयोजन किया गया। सरकार के आदेशानुसार विमुक्त एवं घुमंतु जाति व अन्य जाति के व्यक्तियों के लिए जरुरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, पैंशन, वोट कार्ड व कन्यादान व डॉ बी आर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा विभाग की चल रही सभी प्रकार की स्कीमों के बारे में कैंप का आयोजन किया गया है। राई विधायक के छाटे भाई माईराम कौशिक ने आर के कॉलोनी मुरथल के राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुरथल में मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं का समाधान हेतू अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन की ओर से विमुक्त व घुमंतु जातियों के कल्याण एवं उत्थान के लिए मेलों का आयोजन सजगता पूर्वक किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं का लाभ अविलंब पहुंचाना है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में लोगो का जागरुक किया तथा समस्याओं का निवारण करवाने का आश्वासन दिया।
इस दौरान मेले मे संदस्य घुमन्तु जाति विकास बोर्ड संजय नाथ, तहसील कल्याण अधिकारी जयदीप, दीपक लिपिक, नेरन्द्र लिपिक इत्यादि मौजूद रहे।



**जनकल्याण**

▶▶ मुरथल की आर के कॉलोनी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुरथल में मेले का आयोजन किया गया।

## बीकाजी फूड्स ने गाजियाबाद में एक नया डिपो खोला

**गाजियाबाद।** वैश्विक उपस्थिति वाली एथनिक स्नैक्स में विशेषज्ञता रखने वाली तीसरी सबसे बड़ी भारतीय कंपनी, बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने गाजियाबाद-मुरादाबाद, लखनऊ राजमार्ग पर डासना देहात में एक नया डिपो खोला है।
इस नए डिपो की स्थापना के पीछे प्राथमिक उद्देश्य शीघ्र वितरण सुनिश्चित करना, पहुंच में सुधार करना और वितरण नेटवर्क को ताकत देना है। इस डिपो को खोलकर, बीकाजी का लक्ष्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दायरे को कवर करना है जिसमें गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, हापुड, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मोरादाबाद, बरेली, हरिद्वार, देहरादून, हलद्वानी, रुद्रपुर आदि शामिल हैं। यह डिपो वाराणसी डिपो के अलावा यूपी बेल्ट में विस्तार के लिए खोला गया है। नए डिपो में नमकीन, भुजिया, मिठाई, पापड़ और स्नैक्स सहित सभी उत्पाद श्रेणियां होंगी। इस अवसर पर, बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री दीपक अग्रवाल ने कहा, "वाराणसी में हमारे परिचालन की स्थापना के बाद, इस नए डिपो का उद्घाटन हमारी कंपनी के लिए एक रणनीतिक मील का पत्थर है। हम इस बाजार में अपार संभावनाओं की पहचान करते हैं।" और यह पहल न केवल पूरे उत्तर प्रदेश में हमारे वितरण नेटवर्क को गहरा करने के लिए तैयार है, बल्कि बिक्री में भी उल्लेखनीय वृद्धि करेगी।" बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल फूड्स के मुख्य परिचालन अधिकारी, मनोज वर्मा ने कहा, "जैसा कि पहले जिक्र किया है, उत्तर प्रदेश का बाजार हमारे ध्यान का केंद्र बिंदु है, हमने विकास को बढ़ावा देने और वितरण को मजबूत करने के लिए इस निवेश के साथ काम किया है। यह अंततः सुपर स्टॉकिस्टों पर निर्भरता कम करके बिक्री बढ़ाने और मार्जिन में सुधार करने में मदद करेगा।

## 'भाजपा की जीत का आधार रखने निकले हैं अल्पकालीन विस्तारक'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भारतीय जनता पार्टी हरियाणा अल्पकालिक विस्तारक योजना के तहत अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर रही है। इसी के तहत शनिवार को गुरुग्राम, कुरूक्षेत्र और अंबाला लोकसभा स्तर की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीनों लोकसभा स्तरीय कार्यक्रमों में प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने विस्तारकों को पार्टी की मजबूत आधारशिला बताया और कहा कि 2024 के चुनाव को जिताने में विस्तारक अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विस्तारकों को दो दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद पांच दिन सभी विस्तारक शक्ति केंद्रों पर जाकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। रविवार को सिरसा, हिसार, भिवानी, रोहतक लोकसभा में प्रशिक्षण कार्यशालाएं शुरू होंगी वहीं सोमवार को फरीदाबाद, सोनीपत और पानीपत लोकसभा में अल्पकालिक विस्तारकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में मनाया ग्रैंड पैरेंट्स दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल** में ग्रैंड पेरेंटस दिवस समारोह मनाया गया।
कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के छात्रों ने अपने ग्रैंड पेरेंट्स के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। अपने वयोवृद्ध अभिभावकों को सम्मान अर्पित करते हुए उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद की आकांक्षा के साथ छात्रों का आयोजन काबिल-ए-तारीफ था। छात्रों ने कविता, समूह गीत, एवं समूह नृत्य के माध्यम से सभागार में मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में नौनिहाल अपने दादा-दादी, नाना-नानी के साथ आए। ग्रैंड पेरेंट्स ने अपने बचपन की सुनहरी यादों को शेयर किया वहीं दूसरी तरफ रैम्प वॉक करके सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम सामूहिक राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस.पी.सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक आदि शिक्षक मौजूद थे।



# नेशनल लोक अदालत का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
**माननीय न्यायमूर्ति** अरुण पल्ली न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और सुदेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन पानीपत में न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लंबित मामलों के साथ-साथ पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का भी गठन किया गया। जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं, उपभोगता कमीशन के केस भी शामिल हैं और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल हैं। प्रतीक जैन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने बताया कि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में विवादों का सौहार्दपूर्वक निपटारा किया जाता है। सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पानीपत में कुल 26826 मुकदमों को लिया गया था। जिनमें से 22775 मुकदमों को केवल पानीपत में लोक अदालत में पारंपरिक रूप से निपटाया गया। लोक अदालत में निपटान की राशि 44520552 रुपए थी। इसके अलावा समालखा सब डिवीजन में 4051 मुकदमों का निपटारा किया गया कुल मिलाकर पानीपत जिले में 26826 मुकदमों का निपटारा किया गया।



## पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में छुपे आतंकवादियों पर कड़ा प्रहार, गद्दारों की संपत्ति कुर्क कर रही मोदी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जम्मू-कश्मीर के उन आतंकवादियों की सारी संपत्ति जब्त की जाएगी जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में छुप कर बैठे हैं। पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शरण लेने वाले जम्मू-कश्मीर के सैकड़ों आतंकवादियों को अब अपनी संपत्ति से हाथ धोना पड़ेगा। मोदी सरकार में उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस मामले में जम्मू-कश्मीर के पुलिस विभाग की तरफ से भी यह बयान जारी किया गया कि पाकिस्तान में शरण लेने वाले सभी आतंकियों पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन सभी स्थानीय आतंकवादियों की संपत्ति जब्त की जाएगी, जो जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी हैं और खुद को बचाने के लेने के लिए पाकिस्तान में बैठे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस के पास उन आतंकवादियों की एक सूची है जो जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय थे और फिर शरण लेने के लिए पाकिस्तान के बिल में छुप कर बैठे हैं। 4,200 से अधिक ऐसे आतंकवादियों की सूची तैयार की जा चुकी है जो साल 1990 से पीओके में रह रहे हैं। साल 1990 में हजारों युवा नियंत्रण रेखा पार कर पीओके चले गए थे और आज जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए दुबारा तैयार हैं। ऐसे आतंकवादियों की संपत्तियाँ कुर्क की जा रही हैं और ये प्रक्रिया जारी रहेगी। आतंकवाद से मुक्त भारत के निर्माण में जुटे शाह के मार्गदर्शन में ऐसे आतंकवादियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, जो नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार बैठकर आतंकवाद को बढ़ावा देते रहते हैं।

## संपादकीय

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर बहस का कोई मतलब नहीं

**एक राष्ट्र**-एक चुनाव फिलहाल 'शिगूफा' से कम नहीं। प्रश्न क्या 'एक राष्ट्र एक चुनाव नीति' को लागू करना जरूरी है, उससे पहले यह यक्ष प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या सरकार वास्तव में इस संबंध में गंभीर है? यदि वास्तव में कोई संशोधन बिल लाना ही चाहती होती तो, सरकार उक्त उद्देश्य को इस विशेष सत्र बुलाने की घोषणा में समावेश कर लेती। जैसा कि पूर्व में जब-जब विशेष सत्र बुलाए गए हैं, तो उनके उद्देश्य घोषित किए गए थे। तदनुसार संसद में उन विषयों पर कार्यवाही भी हुई। चूंकि वर्तमान में कोई उद्देश्य (एजेंडा) घोषित किए बिना बुलाए इस विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में कोई विधेयक लाएगी, इसकी संभावना इसलिए भी नगण्य सी लगती है, जब सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी बना ही दी है, तब उसकी रिपोर्ट/सिफारिश आने तक तो इंतजार करना ही होगा। यह रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आ जाए, ऐसा संभव लगता नहीं है। क्योंकि इस कमेटी का कार्यकाल का समय निश्चित नहीं किया गया है। दूसरा संसदीय मंत्री का यह कथन कि कमेटी की रिपोर्ट आएगी। फिर चर्चा होगी। परन्तु उन्होंने भी यह नहीं कहा कि इसी 'विशेष सत्र' में ही चर्चा होगी। इसलिए मीडिया या विपक्ष का इस संबंध में हंगामा खड़ा करना उचित नहीं है। वैसे भी यूनिफार्म सिविल कोड को लेकर सरकार ने विस्तृत जनचर्चा कराई व मीडिया ने खूब सुर्खियां भी बटोरी। परन्तु आज वह 'कोड' संसद में किस कोने पर है? कहने की आवश्यकता नहीं है। 'हर शख्स बुद्धिमान है, जब तक वह बोलता नहीं', इस सिद्धांत के धुर विरोधी राहुल गांधी के इस संबंध में दिए गए बयान की बात कर लेते हैं। देश की विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जो 'इंडिया' को लीड करती हुई दिख रही है, के सर्वोच्च प्रभावशाली नेता राहुल गांधी का यह कथन की 'वन नेशन वन इलेक्शन' 'संघवाद पर चोट है' न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि यह उनकी समझ पर भी 'प्रश्न वाचक चिह्न' लगाता है, जैसा की उनकी भारत यात्रा के पूर्व कई अवसरों पर लगाया जाता रहा है। प्रश्न यह है कि क्या केंद्रीय सरकार 'वन नेशन वन इलेक्शन' के द्वारा कोई नई चीज ला रही है, नई बात कह रही है? बिल्कुल भी नहीं। राहुल गांधी आलोचना में कभी इतने अंधे हो जाते हैं कि जब वे इस मुद्दे पर आलोचना करते हुए यह कह जाते हैं की यह 'संघवाद पर आघात' है, तो वे यह भूल जाते हैं कि वर्ष 1952 से लेकर 1967 तक हुए चुनाव 'वन नेशन वन इलेक्शन' के तहत ही हुए थे। तब समस्त समय कांग्रेस की सरकार ही थी। क्या तब भी वह संघवाद पर आघात था? 'हंसुआ के ब्याह में खुरपी के गीत गाने वाले' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विरोध करते हुए कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर समिति बनाने की ये नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक हथकंडा है। 'हमारे घर आओगे क्या लाओगे, तुम्हारे घर आएंगे क्या खिलाओगे' के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है, वन नेशन वन इलेक्शन या वन नेशन वन एजुकेशन (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), वन नेशन वन इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज), आम आदमी को वन नेशन वन इलेक्शन से क्या मिलेगा।

# दुनिया के दिग्गज नेताओं का भारत आगमन



किशन भावनानी

"विदेशी मेहमानों के सुरक्षा चक्र को अभेद्य करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इनके रूट से लेकर ठहरने की जगह तक चप्पे-चप्पे की सुरक्षा का खाका तैयार हो गया है। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक जहां से भी विदेशी मेहमान गुजरेंगे, वहां किसी आम नागरिक का आना-जाना पूरी तरह से निषेध होगा इसी को ध्यान में रखते हुए उनके संभावित रूट से जुड़ने वाले स्थानीय रास्तों को बंद किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के चलते ही अभी तक विदेशी मेहमानों के ठहरने की पूरी जानकारी साझा नहीं की गई है।"

**वैश्विक** स्तरपर तेजी से उभरकर चांद पर पहुंचकर अब सूर्य तक पहुंचाने के लिए कदम बढ़ा चुके दुनियां के महाशक्ति तारे बनने की ओर कदम बढ़ा चुके भारत द्वारा 9-10 सितंबर 2023 को जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस समिट में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर 2023 को शाम दिल्ली पहुंचे। बाइडन से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत पहुंची थींबांग्लादेश को भारत की ओर से बतौर अतिथि जी-20 में बुलाया गया है। जी20 समिट का का मुख्य कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान में बनाए गए भारत मंडपम में होगा। इसके अलावा अन्य कुछ कार्यक्रम अलग-अलग स्थलों पर होंगे। शनिवार को सुबह 9:30 बजे सभी देशों और शिष्टमंडलों के नेता भारत मंडपम में पहुंचें हैं जिस तरह अनेकों महीनों से पूरे भारत में जी 20की बैठकों की मेजबानी भारत ने की है, उससे विकसित और विकासशील देश बहुत खुश नजर आए। शायद यही कारण है कि ब्रिटेन फ्रांस ऑस्ट्रेलिया सहित भारत का करीबी दोस्त सहित रणनीतिक साझेदार अमेरिका से 8 सितंबर 2023 को दोनों रणनीतिक साझेदार करीबी से द्विपक्षीय वार्ता कर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा जी20 के सफल नेतृत्व के लिए भारत की सराहना की है, क्योंकि जिस तेजी से भारत अपनी क्षमताओं को वैश्विक पटेल पर रख रहा है और भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी तेजी से अपनी मंजिल पर पहुंच रही है, नए-नए समझौते हो रहे हैं, पुराने समझौते तेजी से क्रियान्वयन हो रहे हैं, लगातार इससे संबंधित अधिकारी मंत्रियों की बैठकें हो रही है उससे यही लगता है कि आने वाले वर्षों में भारत अमेरिका का विश्वस्त साझेदारी और विश्वस्त दोस्त माने जाएंगे और दोनों ही सर्वाधिक पावरफुल महाशक्तियां मानी जाएगी। चूंकि दुनियां के टॉप मोस्ट दिग्गज नेताओं सहित अमेरिकी राष्ट्रपति 8 सितंबर 2023 को अपने पहले भारतीय दौरे पर आए हैं इसके लिए भारत भी पूर्ण रूप से अतिथि देवो भवः की थीम पर स्वागत किए है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,



भारत अमेरिका विभिन्न मुद्दों पर द्वपक्षीय बैठक पर दुनियां की नजरे, रणनीतिक साझेदार मिल बैठ इतिहास रचेंगे। साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा की करें तो, दिल्ली में 9-10 सितंबर को जी 20 शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है।भारत और अमेरिका ने 8 सितंबर2023 को देर शाम संयुक्त बयान में बताया कि बाइडेन ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सराहना की। मोदी और बाइडेन ने जी20 के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और विश्वास जताया कि शिखर सम्मेलन के नतीजे साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाएंगे। दोनों नेताओं ने अपनी सरकारों से रणनीतिक साझेदारी को सभी आयामों में परिवर्तित करने का काम जारी रखने का आह्वान किया। दोनों देशों ने साझा बयान जारी कर बताया कि भारत की मेजबानी में 2024 में होने वाले क्वाड समूह की मीटिंग के लिए देश यूएस के प्रेसिडेंट बाइडेन का स्वागत करने को उत्सुक हैं। क्वाड की बैठक 2024 के शुरूआती महीने में होगी।इस ग्रुप में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया है।बाइडेन ने पीएम मोदी के साथ मीटिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की पैरवी की। उन्होंने इस दौरान चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 को लेकर भी बधाई दी।बाइडेन अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत दौरे पर आए है। यहां वह जी20 भागीदार स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करेंगे। बता दें इस सप्ताह भर में सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिका से अनेक विमानों से आए है। इसके बाद बाइडेन 10 सितंबर को वियतनाम के लिए रवाना होंगे। वह वियतनाम के हनोई में वहां के महासचिव नगुयेन फू त्रोंग और अन्य प्रमुख नेताओं से चर्चा करेंगे इस दौरान अमेरिका और वियतनाम के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चाह होगी।रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को लेकर भी बाइडन चर्चा करेंगे। वह यूक्रेन में रूसी राष्ट्रपति के युद्ध के आर्थिक और सामाजिक प्रभावों को भी कम करेंगे और वैश्विक चुनौतियों से निपटने सहित गरीबी से बेहतर ढंग से लड़ने के लिए विश्व बैंक सहित बहुपक्षीय विकास बैंकों की क्षमता बढ़ाएंगे। नई दिल्ली में रहते हुए, राष्ट्रपति बाइडन जी20 के लिए प्रधान मंत्री मोदी केनेतृत्व की भी सराहना द्विपक्षीय वार्ता में की। साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति के दिल्ली में रुकने की व्यवस्था की करें तो, मीडिया में एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति और उनकी पूरी अमेरिकन सिक्रेट सर्विसआईटीसी मौर्या में रुकी है। यहां के 400 कमरों को बुक कर लिया गया है। जबकि, जो बाइडेन को लेकर कहा जा रहा है कि वो इस होटल के 14वें फ्लोर पर हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस फ्लोर पर जाने के लिए एक स्पेशल लिफ्ट भी तैयार की गई है। जिस होटल में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन रुकेंगे, उस आईटीसी मौर्या होटल को देश के टॉप होटलों में गिना जाता है। यहां ज्यादातर विदेशी वीवीआईपी मेहमान ही रुकते हैं।इस होटल की ब्रांचेस पूरे भारत में हैं। ऐसे तो इस होटल के अलग अलग कमरों का किराया अलग अलग है, लेकिन जिस कमरे में जो बाइडेन रुकेंगे वहां काकिराया सबसे ज्यादा है एक पत्रिका में छपी एक खबर के अनुसार, जो बाइडेन इस होटल के जिस चाणक्या स्वीट में रुकेंगे उसमें एक रात ठहरने का किराया लगभग 8 लाख रुपये है। ये स्वीट 4600 स्क्वायर फीट में है। बाकी लोगों की बात करें तो ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक होटल शांग्री ला में रुकेंगे, जबकि फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों क्लारिजस होटल में ठहरेंगे, वहीं चीन के राष्ट्रपति ताज होटल में रुकेंगे शायद उनके आने की संभावना मुझे कम लगती है। इसी तरह बीते दिनों रूसी राष्ट्रपति से माननीय पीएम ने दूरसंचार से बातचीत में उन्होंने भी आने की संभावना कम जताई उनके मंत्री स्तर के व्यक्तित्व रूसी प्रतिनिधि बनकर शामिल होंगे जबकि अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष अलग अलग कुल बुक हुए तीस से ज्यादा होटलों में ठहरेंगे। इस शिखर सम्मेलन की वजह से पूरी दिल्ली इस वक्त छावनी बनी हुई है। खासतौर से 8 से 10 तारीख के बीच तो दिल्ली में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा।

साथियों बात अगर हम जी-20 मेहमानों के संबंध में तैयारीयों की करें तो, दिल्ली में होने जा रहे जी-20 सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों की सुरक्षा को लेकर तैयारी अब आखिरी चरण में पहुंच गई हैं। सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले तमाम राष्ट्राध्यक्षों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की सुरक्षा को लेकर काफी चर्चा हो रही है।अब राष्ट्रीयसुरक्षा एजेंसियों और दिल्ली पुलिस द्वारा जी-20 सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के संभावित रूट से जुड़ने वाले कालोनियों और सेक्टरों के स्थानीय रास्तों को बंद किया जाएगा, ताकि विदेशी प्रतिनिधिमंडल का मार्ग किसी भी तरह से अवरूद्ध न हो सके। विदेशी मेहमानों के सुरक्षा चक्र को अभेद्य करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इनके रूट से लेकर ठहरने की जगह तक चप्पे-चप्पे की सुरक्षा का खाका तैयार हो गया है। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक जहां से भी विदेशी मेहमान गुजरेंगे, वहां किसी आम नागरिक का आना-जाना पूरी तरह से निषेध होगा इसी को ध्यान में रखते हुए उनके संभावित रूट से जुड़ने वाले स्थानीय रास्तों को बंद किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के चलते ही अभी तक विदेशी मेहमानों के ठहरने की पूरी जानकारी साझा नहीं की गई है।

## कविता

### तन है माटी का..

जब तक रहे प्राण तन बदन में,
रिश्ते नाते हैं तभी तक जगत में,
रुखसत हुई जब सांसे इस शरीर से,
कहलाने लगी वो बॉडी तब से ।
शातिर है दुनिया बहलाती मन को
देकर रिश्तों का नाम खुदगर्जी की खातिर,
समझ ना पाया अन्तर्मन का चक्रव्यूह,
रहस्यों को निभाते दुनियादारी अपनी ही ।
अछूता सा हो जाता है तन वही जो,
था कभी भाई बहन और बेटा बेटी,
होते सब पराए, निष्प्राण तन होने के बाद!
मुक्त हो जाती सब मोह माया से,
भयहीन हो जाता तन, प्राण खोने पर
ना होता कुछ खोने का डर
ना कुछ पाने की आशा ।
छूट जाते सब रिश्ते नाते
आता नहीं तब उसके पास,
छूने भर से अपने ही भय खाते हैं ।
है माटी का तन खाक हो जाना है
अंजान फिर भी राज से है हर शख्स !
रिसने लगते लगे हैं नाते सब,
निष्प्राण तन के होने के बाद ।

मुनीष भाटिया

## ऋषि सुनक से सिखे विपक्ष

**जी 20** सम्मेलन में भारतीय मूल से सम्बन्ध रखने वाले यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शिरकत की है। ऋषि सुनक ने जो बातें कहीं हैं। उनसे विपक्ष के नेताओं को बहुत कुछ सिखने जरूरत है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि मुझे हिन्दू होने पर गर्व है। ऋषि सुनक सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति में बहुत विश्वास रखते हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति की जीवनशैली अपनाई हुई है। ब्रिटेन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि भारत आने पर मुझे बहुत खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति से ही हमारी जडें जुडी हुई है। ऋषि सुनक ने कहा कि भारतीय सनातन धर्म दुनिया का सबसे पुराना और प्राचीन है। उन्होंने कहा कि मैने रक्षा बंधन भी मनाया है। जन्माष्टमी भी मनाने की इच्छा थी। लेकिन समय नहीं मिल पाया। ऋषि सुनक किसी मंदिर में भी जाने वाले है। ऋषि ने कहा कि भारत में वह ताकत है जो वसुधैव कुटुंब की पद्धति को अपनाते हुए पूरी दुनिया को अपना परिवार मानता है। भारत पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ने की ताकत रखता है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि भारत के लिए अब सही समय है। वह जी 20 सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ व्यापार बढावा देने के लिए अभी कोशिश हो रही है। आगे चलकर जिसके बहुत सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। ब्रिटेन प्रधानमंत्री ने कहा कि उग्रवाद व हिंसा की कोई जगह नहीं है। उग्रवाद व हिंसा को भारत के साथ मिलकर खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस युद्ध बहुत ही नुकसानदायक है। ऋषि सुनक भारतीय मूल होने के नाते भारतीय संस्कृति और सभ्यता से जुड़े हुए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री होते हुए भी ऋषि सुनक भारतीय संस्कृति और सभ्यता से जुड़े होने पर अपने आप पर गर्व महसूस करते हैं। उनको भारतीय अध्यात्म से मन को शांति मिलती है। वहीं एक बडी विडंबना है कि अपने वोट बैंक के लिए भारत के विपक्षी नेता तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति और सभ्यता पर बार बार कुठाराघात करते रहते हैं। राजनीति वोट बैंक के लिए इतनी गिर चुकी है कि अपने ही देश की संस्कृति और सभ्यता पर अपने विचारों की पराकाष्ठा का बेजा इस्तेमाल करते रहते हैं। विपक्षी राजनेता कभी सनातन की तुलना कोरोना और मलेरिया से करने लग जाते हैं। कभी सनातन संस्कृति की तुलना कुष्ठ रोग से करने लगते हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष खडगे कहते हैं। अगर भाजपा फिर से आ जाती है तो सनातन धर्म का बहुत बड़ा विस्तार करेगी। जो बहुत ही निन्दनीय है। हिन्दू धर्म के होते हुए भी तुष्टीकरण की राजनीति और मोदी विरोध में इतने खो गए हैं कि अपने ही धर्म और देश का उपहास उडाने से गुरेज नहीं करते। विपक्ष के नेताओं को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से सिखना चाहिए कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का सम्मान कैसे करते हैं। विदेशी धरती पर आज भारतीय संस्कृति की जडे फलती जा रही है। अपने ही देश में नेता अपने वोट बैंक के लिए भारतीय सनातन धर्म को खत्म करने पर तुले हुए हैं।

## विचार

# देशधर्म बनाम देश और धर्म

**डॉ घनश्याम बादल**

**आज** का भारत प्राचीन काल के भारत से बहुत कुछ मायनों में अलग है तो बहुत कुछ अर्थों में जैसा था वैसा ही है । यदि प्राचीन प्रगतिपथ से हटकर देखें तो आज का भारत विज्ञान, वाणिज्य, तकनीकी एवं भौतिकता तथा उपभोक्तावाद तथा मैटेरियलिज्म यानी स्थूल चीजों के प्रति आसक्ति के संदर्भ में प्राचीन भारत से काफी अलग भारत है । कभी खुद को विश्व गुरु घोषित करने वाले देश ने कम से कम 20 वीं और 21वीं शताब्दी में पश्चिम, अमेरिका एवं यूरोपियन देशों से बहुत कुछ सीखा है भले ही यह कथन बुरा लगे परंतु यह एक सच है कि हमने कई मायनों में उनकी नकल की है, उनका अनुसरण किया है । ध्यान रहे यह वे ही देश हैं जिनके बारे में हमारी धारणा नकारात्मक रही है लेकिन काल एवं परिस्थितियों तथा उन देशों के द्वारा की गई उन्नति से प्रभावित होकर हमने उन जैसा ही जीवन एवं आचरण अपनाने की कोशिश की है। इसी संदर्भ का दूसरा पक्ष है कि अभी भी भारत कई मायनों में प्राचीन लीक पर ही चलता नजर आता है । इस संदर्भ में भी एक नहीं अनेक बिंदुओं पर दृष्टि डाली जा सकती है । खासतौर पर धर्म के मामले में हमारी आस्था एवं धार्मिक गुरुओं तथा नियमों का अंधानुकरण आज भी जारी है । कभी पूर्व तो कभी पश्चिम के बीच हिचकोले लेता हुआ यह देश कभी वैज्ञानिकों का देश लगता है तो फिर कई कांड ऐसी छवि प्रकट करते हैं कि हम अभी भी वहीं है जहां प्राचीन काल में थे बल्कि कहा जाए कि प्राचीन काल में धर्म का अनुसरण बहुत कुछ ' मानवीय दृष्टिकोण, दया, करुणा ममता, सहानुभूति, सहयोग एवं सर्वस्व अर्पण की भावना के साथ किया जाता था । पूजा एक नितांत व्यक्तिगत मामला था सबको व्यावहारिक रूप से यह अधिकार प्राप्त था कि वह जिस धर्म को चाहे अपनाए । आज भी संवैधानिक दृष्टि से यह अधिकार प्राप्त है लेकिन पिछले 10-15 वर्षों में जिस प्रकार की कट्टरता यहां के मुख्य धर्मों के अनुयायियों के बीच देखने को मिली है वह बहुत ही चिंतित करने वाला विषय है। कभी चाणक्य ने कहा था कि धर्म और राजनीति को अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यदि राजनीति से धर्म हट जाएगा तो फिर राजनीति पथ भ्रष्ट हो जाएगी एवं जीवन से नैतिक मूल्यों का विलोपन हो जाएगा । तात्कालिक परिस्थितियों एवं सामाजिक ताने-बाने के हिसाब से चाणक्य का कथन एकदम सच था लेकिन धीरे-धीरे राजनीति एवं धर्म दोनों ने ही स्वरूप बदला है और आज दोनों ही अपने मूल रूप से बहुत अलग हो चुके हैं । भले ही इन दोनों के पक्षधर अपने-अपने तरीके के तर्क दें और परिवर्तन को ही प्रकृति का नियम बताते हुए इस बात को अपना समर्थन दें लेकिन दुर्भाग्य यह है कि यह परिवर्तन सकारात्मक कम एवं नकारात्मक बहुत ज्यादा हुआ है। दुनिया का जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा लोकतंत्र कहे जाने वाला भारत आज जिस प्रकार का राजनीतिक परिदृश्य प्रस्तुत कर रहा है वह हतप्रभ कर देने वाला है । लोक हित नारों में तो है लेकिन राजनीति में प्रवेश करने वाले लोग जनहित के लिए कम एवं अपनी स्वार्थ पूर्ति या समाज में सम्मानजनक स्थान पाने ,अपनी जाति, बिरादरी या धर्म में महत्व पाने ,अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पूरी करने और आर्थिक रूप से लाभ कमाने के लिए राजनीति में अधिक आ रहे हैं । विचारधारा एवं सिद्धांतों की बात भी आमतौर पर एक मुखौटा मात्र बनकर रह गई है । हवा का रुख देखकर दल एवं दिल बदलने वाले राजनीतिज्ञों की संख्या निरंतर बढ़ोतरी पर ही है ऐसा नहीं कि आम आदमी इन चीजों से परिचित न हो लेकिन कभी मजबूरी कभी क्षेत्रवाद, कभी जातिवाद, कभी धर्म तो कभी संप्रदायवाद के हथियारों से उसे इस कदर दिग्भ्रमित कर दिया जाता है कि वह ऐसे दलों एवं लोगों को अपना समर्थन दे देता है जो राजनीति के सफेद आवरण के पीछे छुपे हुए प्रतिक्रियावादी, माफिया सांप्रदायिकता फैलाने वाले, धार्मिक भावनाओं का दोहन कर अपना हित साधने वाले या फिर अपनी दौलत से आम आदमी को प्रभावित कर वोट हासिल कर लेते हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# महिलाओं के आर्थिक विकास में विशेष सहयोग की चर्चा

**संजीव ठाकुर**

**भारत** जी20 के सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए गौरवशाली मेजबानी कर रहा है 'यह पहला अवसर है जब विश्व के इतने शक्तिशाली राजनेता एक साथ भारत की राजधानी दिल्ली में एकत्र है' इस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय शांति ,स्पेस रिसर्च, विज्ञान, शिक्षा,चिकित्सा, सामरिक विषयों के साथ-साथ विश्व बंधुत्व और मानवीय दृष्टिकोण के पहलुओं की बात तो होगी ही इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं मानवीय संवेदनाओं के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा होगी' ˘20 में निश्चित तौर पर मानवीय दृष्टिकोण और महिला सशक्तिकरण की जोर-जोर से भारत अपनी तरफ से पहल करेगा और ऐसा होना भी चाहिए' पूरे विश्व में भारत के साथ महिलाओं की राष्ट्र के प्रति आर्थिक विकास में बड़ी महती भूमिका रही है। हर रात की सुबह होती है, और सुबह चमकदार और उजाले से भरपूर होती है' भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है' स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है' आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है' आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है' वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है' भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है' विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है' अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है' यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका

## रिश्वताय नमः

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हमारे** प्रतिदिन के जीवन में भ्रष्टाचार के महत्व से आप सभी भली-भांति परिचित हैं। प्रतिदिन के कार्य सुगमतापूर्वक और बिना किसी सरफोड़ी के संपन्न हो जाएँ इसके लिए भ्रष्टाचार एक महत्वपूर्ण साधन है। चूँकि भ्रष्टाचार हमारे रोजमर्रा के जीवन का महत्वपूर्ण भाग है ऐसे में भ्रष्टाचार के सुचारु संचालन के लिए सरकार कार्यालयों द्वारा कुछ नियमों को निर्धारित किया गया है। भ्रष्टाचार के लिए निर्धारित नियमो को ही रिश्वत नियम या ब्राइब रूल्स कहा जाता है। चूँकि हम इस देश के समझदार और जिम्मेदार नागरिक हैं, इसके नाते हम सभी का दायित्व बनता है कि हम सभी रिश्वत नियमो से भली-भांति परिचित हो और इनका पालन करें। रिश्वत नियमो का पालन क्यों आवश्यक है ? प्राचीनकाल से ही मनुष्य अपने कार्यों को आसानी से पूरा करवा सके इसके लिए लेन-देन का सिस्टम अपनाता रहा है। आगे चलकर यही लेन-देन का पवित्र नाम परिवर्तन रिश्वत के रूप में हुआ। अब हर काम रिश्वत से हो रहे हैं। आदमी साँस लेना भूल सकता है, लेकिन रिश्वत देना या लेना कतई नहीं। साँस न लेने से मात्र एक शरीर का अंत होता है जबकि रिश्वत के न लेने-देने से एक साथ कई लोगो के मरने की संभावना रहती है। इसीलिए रिश्वत के निर्बाध रूप से संचालन करने और सभी की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रिश्वत के नियमो का निर्धारण किया गया है। हालांकि सरकारी अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार की व्याप्ति के लिये रिश्वत नियमो का निर्धारण किया गया है, परन्तु कुछ नागरिक इन रिश्वत नियमो का पालन नहीं करते नतीजतन! हम हर दिन फाइलों के रुक जाने से लोगो के द्वारा माँ-बहन की गाली देते सुनते है। रिश्वत नियमो के उल्लंघन से न सिर्फ आप अपने जीवन को खतरे में डालते है अपितु दूसरे नागरिको की जान को भी। इससे दूसरे लोगो के लिए भी मुश्किलें पैदा होती है। रिश्वत नियमो के उल्लंघन से बने हुए काम यानी कब्जाने, हड़पने, आरोपों से बरी होने, बेशर्मी से दूसरों की माँ-बहनों के साथ ऊँच-नीच की हरकत न करने की संभावना बढ़ जाती है साथ ही रिश्वत न देने-लेने से निबटान का मुँह जोहती फाइलें धूल-कचरे के हिमालय से ढक जाती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पलवल: अलग अलग सड़क हादसे में महिला समेत 2 की मौत

**पलवल: जिला में** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में महिला का पति घायल हो गया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया। बेढ़ा पट्टी होडल निवासी सुखीराम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह अपनी पत्नी अंजू के साथ बाइक पर गांव से होडल बाजार घरेलू सामान लेने के लिए जा रहा था। लेकिन जब उसकी बाइक गंगा पैलेस के निकट पहुंची तभी एक कार चालक ने कार को गलत लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी पत्नी सडक पर गिर पड़ी और सिर में गंभीर चोटें लगी, जबकि उसकी मामूली चोटें आई है। राहगिरों की मदद से उसने पत्नी को नागरिक अस्पताल पलवल पहुंचाया, जहां से उनकी हालत नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में इलाज के दौरान अंजू की मौत हो गई। वहीं, जिला कन्नौज (यूपी) के सहियापुर गांव निवासी सुखपाल सिंह ने दी शिकायत में कहा है वह खजान बस्ती मायापुरी दिल्ली में रहता है। उसका जीजा लक्ष्मी विहार निवासी शिशुपाल किसी निजी कार्य से जा रहा था तभी नेशनल हाईवे-19 पर डीसी रेजिडेंस के सामने किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से शिशुपाल का एक्सीडेंट हो गया था। उसे इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उनकी हालत नाजुक देखते हुए दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
**(मो. नं. : 9813507693)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# 'सीपीआर की जानकारी होना बेहद जरूरी'

## रक्तदान शिविर का भी किया गया आयोजन

**जागरूक किया**

**इमरजेंसी के समय यदि सांस, दिल की धडकन बंद हो जाए तो उसे सी.पी.आर. के द्वारा दोबारा चालू करके उसे व्यक्ति की जान बचाई जा सके**




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय रेड क्रॉस** सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा चलाई गई सी.पी.आर. जागरूकता वैन के समापन समारोह शनिवार को विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में दयाल सिंह कॉलेज करनाल के प्रांगण में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि निगम आयुक्त अभिषेक मीणा द्वारा दीप प्रज्वलित कर सी.पी.आर. जागरूकता वैन के समापन समारोह का शुभारंभ किया गया।

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, के महासचिव डॉक्टर मुकेश अग्रवाल द्वारा बताया गया कि सीपीआर की जानकारी होना प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी इमरजेंसी के समय यदि सांस, दिल की धडकन बंद हो जाए तो उसे सी.पी.आर. के द्वारा दोबारा चालू करके उसे व्यक्ति की जान बचाई जा सके। महासचिव द्वारा बताया गया कि 25 जुलाई से सी.पी.आर. वैन का शुभआरंभ चंडीगढ़ से किया गया था तथा हरियाणा के सभी जिलों में सी.पी.आर. जागरूकता वैन द्वारा 66000 व्यक्तियों/ बच्चों को सी.पी.आर. के बारे में जानकारी दी गई। सुषमा गुप्ता वाइस चेयरपर्सन, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा समारोह में आए हुए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया गया। संजीव धीमान, स्टेट ट्रेनिंग ऑफिसर द्वारा कॉलेज के बच्चों को सी.पी.आर. की तकनीकी जानकारी दी गई तथा पानी में डूबने, सांस ना आने और हार्ट अटैक के दौरान दिल का काम न करने की स्थिति में सी.पी.आर. देकर जान बचाने की विधि बताई गई। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी करनाल तथा दयाल सिंह कॉलेज करनाल के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें 62 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया आशिमा गाखड़, प्रिंसिपल दयाल सिंह कॉलेज करनाल द्वारा आए हुए सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा कुलबीर मलिक, सचिव, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी, करनाल द्वारा सभी मेहमानों का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर राजपाल डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर, मेहर चंद, राकेश कुमार, पुनीत, मोहिनी कौशिक, डॉ नीना फ्रस्ट्रेटेड लेक्चर इत्यादि मौजूद थे।

## बजरंग-विशाल पहलवान विवाद मामला खापों के दायरे से बाहर का

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**जींद की** जाट धर्मशाला में शनिवार को एशियन गेम्स में खेलने को लेकर ओलंपियन पहलवान बजरंग पूनिया तथा विशाल कालीरामण को लेकर खाप पंचायत का आयोजन किया गया। चौधरियों ने कहा कि सरकार इस विवाद को खापों से जोड़ कर भाईचारे को खराब करना चाहती है। जींद जिले के कुछ खाप चौधरियों ने कहा कि मामला झज्जर तथा हांसी के पहलवानों का है। जींद में पंचायत करने का कोई औचित्य नही है। व्यक्ताओ के बोलने को लेकर शब्दो के प्रयोग से खूब तू तडाक हुई। माहौल को शांत करने के लिए चौधरियों को कड़ी मशक्त करनी पड़ी। खेडा खाप, नौगामा खाप, माजरा खाप, ढुल खाप के चौधरियों ने खुद को मामले से अलग कर लिया। इन खापों के चौधरियों का कहना था कि मामला कुश्ती फैडरेशन का है। खाप पचायतों का मोहरा बनाया जा रहा है। अगर सरकार के साथ पहलवानों की कोई बात होती तो वो साथ देते। पूनिया खाप के संरक्षक महिपाल शास्त्री ने कहा कि जिस समय ट्रायल ली गई, उस दौरान साफ कहा गया था कि स्टैंड टू के लिए हुई है। मामले को लेकर अदालत का भी सहारा लिया गया। जिसने याचिका को खारिज कर दिया। किस पहलवान को फैडरेशन खेलने भेजेगी, वह फैसला भी फैडरेशन का है। इसमें खाप पंचायत कुछ नहीं कर सकती। विनेश फोगाट के पति सोमबीर राठी ने कहा कि कुछ लोग धरना बेचने की बात करते हैं। मेडल बहाने का निर्णय लिया था।

## रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही हो सकती है: रेनू बाला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जेसीआई** करनाल सिटी द्वारा जेसेआई वीक के पहले कार्यक्रम में आज कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में ब्लड कैंप का आयोजन स्वर्गीय अविनाश बंसल ओपीएस ग्रुप की याद में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेनू बाला गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुषमा बंसल ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही हो सकती है। आप द्वारा किया गया रक्तदान किसी के जीवन को बचा सकता है। सुषमा बंसल ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान जीवन के लिए एक तोहफा है। जेसीआई करनाल सिटी के प्रधान जेसी सुशील बिंदल ने बताया कि ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जो अपने जीवन में 50 से 100 बार तक रक्तदान कर चुके हैं। वीक कोर्डिनेटर नरेश गुप्ता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति 3 माह के अन्तराल के बाद रक्तदान कर सकता है। सभी रक्तदाताओं को बाद में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।
सुशील बिंदल ने बताया कि आज हम सब सदस्यों ने कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में ब्लड कैंप आयोजित किया, जिसमें 87 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी मोहित सुखीजा, गगन जिंदल रहे। मंच संचालन अंकुर गुप्ता ने किया। आज के कैंप में कपिल किशोर इंसा का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने अब तक 71 बार ब्लड डोनेट किया। इस मौके पर जेसी अनूप भारद्वाज, जेसी एपीएस चोपड़ा, रवनीत चावला, जतिन सिंगला, पुनीत बजाज, आशीष गुप्ता, चन्दन गर्ग, विनय गोयल, पंकज अग्रवाल, सुमित गुप्ता, अनिल गुप्ता, विवेक जसूजा, रविल भारद्वाज, सुजाता बिंदल और मोनिका गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सूक्ष्म व्यायाम से होता है शरीर का हर अंग एक्टिव : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा फव्वारा पार्क सेक्टर 12 योग कक्षा में विशेष सात दिवसीय वजन घटाओ योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बरसात के बावजूद योग शिविर के छठे दिन मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने शरीर के वेट को कम करने के लिए विशेष योगाभ्यास करवाया।
उन्होंने कहा कि अत्यधिक वजन शारीरिक मानसिक दोनों तरह से प्रभावित करता है। कई तरह की शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मानसिक रूप से भी व्यक्ति तनाव में रहता है। उन्होंने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम और विभिन्न तरह के आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म व्यायाम से शरीर का हर अंग एक्टिव होता है।

## नाबालिग लड़की ने जन्मी बच्ची, मुकदमा दर्ज

**पलवल: पलवल में** एक नाबालिग लड़की के साथ उसके ममरे भाई ने दुष्कर्म किया। लड़की इससे गर्भवती हो गई और नाबालिग ने बच्ची को जन्म भी दे दिया। शनिवार को सूचना के बाद महिला पुलिस कर्मी अस्पताल पहुंची और नाबालिग के बयान दर्ज कर किए। पुलिस ने आरोपी ममेरे भाई के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार शहर थाना क्षेत्र एक मोहल्ले में रहने वाली नाबालिग (16 वर्षीय) ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसके मामा का लड़का उसके घर आया था। उसने उसे घर पर अकेली देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसके साथ कई बार उसकी मर्जी के खिलाफ दुष्कर्म किया गया।

## भाजपा सरकार से दुखी लोगों ने बनाया बदलाव का मन: सुमिता



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने कहा कि पूरे हरियाणा से एक ही आवाज आ रही है कि बीजेपी सरकार जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने हर वर्ग को अपमानित और प्रताड़ित करने का काम किया है। इसलिए अब लोगों ने हरियाणा में बदलाव का मन बना लिया है। बीजेपी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। सुमिता सिंह आज कर्ण विहार में प्रदीप शर्मा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर मीनू छाबड़ा, किरण बाला, कमलेश, प्रीति, अनीता, राधा रानी ने बीजेपी छोड़ कांग्रेस में आस्था व्यक्त की और कांग्रेस ज्वाइन की। सुमिता सिंह ने सभी को माला पहनाकर कांग्रेस में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आपको पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का कांग्रेस पर दिन-प्रतिदिन विश्वास बढ़ता जा रहा है। सुमिता सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा करनाल की जनता के साथ 10 सितम्बर को जन मिलन कार्यक्रम करेंगे। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी लोगों से रूबरू होंगे। जन मिलन कार्यक्रम का आयोजन एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड में किया जाएगा। उन्होंने लोगों से जन मिलन कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। सुमिता सिंह ने कहा कि 2014 के पहले विकास, प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, किसानों, खिलाडियों के मान-सम्मान, किसानों की फसलों के भाव, पेंशन देने में जो हरियाणा नंबर वन पर था और खुशहाली की तरफ बढ़ रहा था, आज वह बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, भ्रष्टाचार, नशाखोरी में नंबर वन बन गया और विकास में पिछडकर 19वें पायदान पर पहुँच गया है। बेरोजगार युवा हताशा में आकर नशे का सहारा लेता है और नशे में वो अपराध के दलदल में फंस रहा हैं। आज पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए गए 14991 मामले: सीजेएम



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर के मार्गदर्शन एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकुला के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को सेशन डिवीजन करनाल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया।
उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में स्थायी लोक अदालत की बेंच सहित, लंबित मामलों से निपटने के लिए जनोपयोगी सेवाओं के साथ-साथ दुर्घटना के दावों, चेक बाउंस, बैंकवसूली, जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित सिविल विवादों और यहां तक कि कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामलों सहित पूर्व सीमा स्तर पर मामलों से निपटने के लिए, जिनमें घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित शामिल हैं।

सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि लोक अदालत विवादों के निपटारे के प्रभाव शाली तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में आपकी सहमति से विवादों का निपटारा किया जाता है। सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। लोक अदालत को स्थायी और सतत प्रक्रिया बनाने के लिए सत्र न्यायालय, संभाग, करनाल में पूर्व लोक अदालतों का भी आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत आंदोलन का प्राथमिक उद्देश्य सभी के लिए न्याय तक पहुंच ने के आदर्श को बढ़ावा देने, खर्च और देरी से बचना है। दूसरे शब्दों में, लोक अदालत प्रणाली सस्ता, सरल, त्वरित और सुलभ न्याय प्रदान करना चाहती है। बड़े पैमाने पर लोक अदालतों को प्रोत्साहित करने की वांछनीयता और आवश्यकता पर कोई विवाद नहीं है।

## गुरविंद्र कौर ने हजारों मेडिकेटिड पौधे लगाकर लोगों के दिलोदिमाग पर डाला प्रभाव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इंटरनेट मोबाइल** की दुनिया से कुछ समय निकालकर यदि कोई प्रकृति के नजदीक जाकर पौधे लगाकर उन्हें सींचता है तो वर्तमान दौर में ये काम पूजा से भी बढकर है, क्योंकि पौधे बड़े होकर फल के अलावा छाया भी देते हैं। ऐसे में यदि कोई महिला हजारों की संख्या में औषधीय पौधे लगाती है तो वह उन लोगों पर खास उपकार करती है जो किसी ना किसी बीमारी से पीड़ित हैं। हम बात कर रहे हैं सुख फाउंडेशन की अध्यक्षा गुरविंद्र कौर की। गुरविंद्र कौर की पहचान संवेदनशील, मार्मिक और समसामयिक फेसबुक पोस्टों और सुषमा म्यूजिक एकेडमी सहित कई सामाजिक संगठनों में रचनात्मक भागीदारी के कारण भी है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि वे अपने जीवन में अब तक पांच हजार से अधिक औषधीय पौधे लगाकर हरियाणा में अपना अलग मुकाम बना चुकी हैं। उन्होंने ये पौधे सीएचडी सिटी के अलावा करनाल, कश्मीर, कानपुर, अंबाला में लगाकर उनके सींचने की व्यवस्था भी की है। गुरविंद्र कौर मेडिकेटिड पौधे लगाने के साथ उनके लाभ भी बताने की कोशिश करती हैं, ताकि आसपास के लोग उन पौधों का ख्याल तो रखें ही और जैसे ही उन पर फल-फूल लगें तो पात्र लोग उसका भरपूर लाभ उठा सकें। बचपन में जब किसी साथ पढने वाले स्टूडेंट ने एक पेड़ के फल को तोडकर रास्ते में फेंका तो बहुत महसूस हुआ और उसी दिन से सुख फाउंडेशन की अध्यक्षा गुरविंद्र कौर ने ये ठाना कि पौधों में जो जीवन है, उस संदर्भ में लोगों को जागरूक करना पड़ेगा। अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे, त्रिवेणी, जामून, आम, अमरूद और कई फलों के पौधे लगाकर उन्हें सींचने का क्रम शुरू किया, लेकिन बढ़ती बीमारियों को देखकर ये ठाना कि औषधीय पौधे ही लगाए जाएंगे। इमली, आंवला, अर्जुन छाल, नीम, गिलोय, पीपल, बड़, अमरूद, जामून सहित कई मेडिकेटिड पौधे व फल लगाए हैं। जिन लोगों ने राष्ट्रपति भवन देखा है उन्हें ज्ञान होगा कि औषधीय पौधों की क्या और कितनी महिमा है। गुरविंद्र कौर लोगों को अपनी गार्डन, बॉलकनी में फल व पौधे लगाने की पूरी जानकारी भी देती हैं, ताकि हर घर प्रकृति के करीब हो। कहती हैं कि मामूली से सिरदर्द से लेकर बुखार, शुगर, बीपी, ह्रदय रोग और सभी असाध्य रोगों का इलाज औषधीय पौधों में छिपा है लेकिन हर पीड़ित इंसान भागता एलोपैथी मेडिसन की तरफ है, जो कि शरीर को नुकसान पहुंचाती है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए पौधे दूध से बढकर काम करते हैं। सहजन पौधे के 15-20 पत्ते मल्टी विटामिन हैं, इससे शरीर की इम्युनिटी पावर भी बढ़ती है। कोरोना काल ने हमें गिलोय और ऐसे मेडिकेटिड पौधों का महत्व समझाया है। सेक्टर 8 स्थित 743 नंबर में रहने वाले गोल्डमेडलिस्ट 85 साल के बुजुर्ग ज्योतिषाचार्य पंडित एलआर भारद्वाज कहते हैं किए पौधे लगाने से व्यक्ति को समृद्धि के साथ-साथ शांति, सुकून और लाभ तो मिलता है साथ ही कुंडली में केतू की बुरी दशा भी शांत होती है।
गुरविंद्र कौर कवियत्री के साथ-साथ गीत भी गाती हैं। कहती हैं कि ये सब हमें प्रकृति के करीब लाती हैं, उनका दर्शनशास्त्र कहता है कि इंसान की उम्र छोटी है, चुनौतियां बहुत हैं लोगों की बातों की परवाह ना करते हुए समाज में रचनात्मक और सकारात्मक काम जरूर करने चाहिएं, खासतौर पर पौधे लगाने जैसे काम, ताकि हर घर प्रकृति के नजदीक हो, सांसें, फल, फूल, दवाई और खुशी ये सब पौधे ही देते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### कीकड के पेड़ों के बीच छिपा रखी थीं चोरी की पांच मोटरसाइकिल

**-चार युवकों को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में पुलिस ने पकडा**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चोरी करने के बाद पांच मोटरसाइकिलों को कीकड के पेडों के बीच छुपा कर रख दिया था। पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद की हैं। चार युवकों को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रिफाइनरी एएसपी पुष्कर वर्मा के मुताबिक थाना रिफाइनरी पुलिस टीम ने अगनपुरा जंगल की तरफ कीकडों के बाग से करीब 200 मीटर पहले पांच चोरी की मोटरसाइकिल के साथ में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना रिफाइनरी पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में सागर पुत्र वीरी सिंह निवासी अलीपुर बांगर थाना जमुनापार, देवेन्द्र सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी मनोहर पुरा थाना महावन, जितेन्द्र पुत्र राजपाल निवासी आनन्द गढी थाना महावन तथा एक बाल अपचारी है।

### चार बदमाशों को लगी गोली, पुलिस बोली डकैती की योजना बना रहे थे

**-पकड़े गये सभी बदमाश झांसी के रहने वाले हैं**
**-मुठभेड़ के बाद पांच बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**
**- सलमान पर 15, शाहरुख पर 9 आपराधिक मामले हैं दर्ज**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
झांसी के गैंग के साथ हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये गैंग मंदिरों के आसपास घटनाओं को अंजाम देता था। मुठभेड़ के दौरान चार बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। मुठभेड़ के बाद जारी बयान में मथुरा पुलिस ने कहा है कि पांचों बदमाश डकैती डालने जा रहे थे। गिरफ्तार हुए बदमाश सलमान पर 15 तथा शाहरुख के खिलाफ 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनके कब्जे से डकैती में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण सहित भारी मात्रा में अवैध असलहा व कारतूस बरामद किये गये हैं। थाना गोविंद नगर पुलिस व स्वाट टीम की थाना गोविंद नगर क्षेत्र में चक्रतीर्थ घाट के पीछे यमुना मिशन कच्चा रास्ता मोड़ गऊ घाट के समीप बदमाशों से मुठभेड़ हुई थी। बदमाश यहां डकैती की योजना बना रहे थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोविंद नगर ललित भाटी के मुताबिक जन्माष्टमी का प्रोग्राम था मथुरा में काफी भीड़ थी तो इन सभी अभियुक्तगण ने मिलकर यहां चोरी, लूट व डकैती की घटना को अंजाम देने का प्लान बनाया था लेकिन दाव न लग पाने के कारण किसी घटना को अंजाम नही दे सके। आठ सितम्बर की रात्रि को इनके द्वारा मथुरा शहर में डकैती जैसी घटना कारित किये जाने की योजना बनाई जा रही थी। जिसके लिए ये सभी पांच अभियुक्त सुनसान जगह चक्रतीर्थ घाट के पीछे फिराक में बैठकर खा पी रहे थे। पुलिस से घिरा देखकर पुलिस पार्टी पर फायर करना शुरू कर दिया। जबाबी फायरिंग की गयी जिसमें मुठभेड़ के दौरान चार घायल बदमाशों सहित कुल पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया ।

### यमुना में स्नान करने उतरे दो दोस्त डूबे, एक का शव मिला

**-पालीखेडा गांव के शंकर का शव बरामद, गौरी की तलाश जारी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
घर से मजदूरी करने निकले दो दोस्तों को मौत यमुना किनारे खींच लाई। दोनों दोस्त किसी तरह वृंदावन के केसी घाट पर पहुंच गये और स्नान के लिए यमुना में उतर गये। स्नान के दौरान दोनों गहरे पानी चले गये और डूब गये। दो युवकों के यमुना में डूबने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गोताखोरों और स्टीमर की मदद से दोनों युवकों की तलाश शुरू की। करीब तीन घंटे बाद एक युवक का शव पुलिस ने बरामद कर लिया। जबकि दूसरे के शव की तलाश जारी थी। इस बीच पुलिस ने घाट किनारे रखे युवकों के कपड़ों की तलाशी तो दोनों के पहचान पत्र मिल गये। पहचान पत्रों से दोनों युवकों की पहचान हाईवे क्षेत्र के गांव पाली खेडा नगला भोजपुर निवासी 18 वर्षीय शंकर पुत्र लक्ष्मण और 17 वर्षीय गौरी पुत्र श्यामलाल के रूप में हुई। पुलिस ने युवकों के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी थी। पुलिस ने घटनास्थल से पांच किलोमीटर दूर तक यमुना में सर्च अभियान चलाया। करीब तीन घंटे के बाद पुलिस ने स्टीमर के जरिये शंकर का शव बरामद कर लिया। शंकर और गौरी दोनों पड़ोस में रहने वाले थे और गहरे दोस्त थे। शंकर और गौरी एक साथ पढ़े और साथ में ही मजदूरी करते थे। शनिवार को भी दोनों वृंदावन में मजदूरी करने आये थे। दोनों युवकों के परिवार घटना से सदमे में हैं।

# सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा का पैदल मार्च आज, कांग्रेसी होंगे शामिल



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन को मथुरा से रेलवे लाइन के जरिये जोड़ने के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। दूसरी ओर शहर के राजनीतिक, सामाजिक और दूसरे संगठन इस प्रोजेक्ट वर्तमान स्वरूप की खिलाफत में हैं। विरोध को प्रभावी बनाने के लिए सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा का भी गठन किया गया था। जिसका नेतृत्व कुंवर नरेन्द्र सिंह कर रहे हैं। मोर्चा की ओर से 10 सितम्बर को मथुरा जंक्शन से वृंदावन तक पैदल मार्च निकालने का ऐलान किया गया था। इस मोर्चा को संगठनों का लगातार समर्थन मिल रहा है। प्रशासन और रेलवे प्रशासन भी लोगों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा कर चुका है लेकिन कोई हल नहीं निकला है। वृंदावन मथुरा की रेल परियोजना मेट्रो की तर्ज पर निर्माण के समर्थन में आयोजित पदयात्रा में वृन्दावन कांग्रेस ने शामिल होने का निर्णय लिया है यह जानकारी कांग्रेस नगर अध्यक्ष वृंदावन नूतन विहारी पारीक ने दी वृंदावन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नूतन बिहारी पारीक ने अपने साथी कांग्रेस कार्यकताओं से विचार विमर्श करने के उपरांत तथा जनता के विचार जानने के बाद प्रस्तावित मथुरा वृंदावन रेल परियोजना को मेट्रो की तर्ज पर निर्माण की मांग का समर्थन करने का निश्चय किया है। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति ने संयुक्त रूप से मथुरा वृंदावन के बीच बिछाई जा रही रेलवे लाइन के वर्तमान स्वरूप पर असहमति जताई है। विरोध में कुंवर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा द्वारा 10 सितंबर को प्रातः 10 बजे वृंदावन रेलवे स्टेशन से मथुरा जंक्शन तक निकाले जा रहे पैदल विरोध मार्च का महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति उत्तर प्रदेश एवं अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा अपना समर्थन देती हैं। इस मौके पर रमेश सैनी, लोकेश कुमार राही, चित्र सेन मौर्य, सौदान सिंह, गौस मोहम्मद, साबिर खान, डॉक्टर राजकुमार सैनी, किशन, सरदार महेंद्र सिंह, हरी बाबू सविता, संतोष सैनी, रामदयाल सैनी, ओमपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

## 64 अभियोगों में जब्त नशीले पदार्थों को किया नष्ट



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना बलदेव पुलिस ने थाने पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के 64 अभियोगों से सम्बन्धित 64 मालों को न्यायालय, एसएसपी के निदेशानुसार नष्ट कराया गया। क्षेत्राधिकारी लाइन पुष्कर वर्मा मुताबिक इस दौरान 19 मुकदमों से सम्बन्धित 66.240 किलो गांजा, 25 मुकदमों से सम्बन्धित 18.732 किलो नशीला पाउडर, चार मुकदमों से सम्बन्धित डायजापाम 608 ग्राम, 10 मुकदमों से सम्बन्धित 2.095 किलो चरस, छह मुकदमों से सम्बन्धित 81 ग्राम स्मैक नष्ट की गई।
इन मुकदमों का पंचनामा व इनवेन्टरी की कार्यवाही 11 मई को न्यायालय स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट मथुरा के समक्ष अलग अलग अभियोगों में जप्त शुदा माले की फोटोग्राफी कराई गयी।
**फोटो**-नशीले पदार्थों को नष्ट करती पुलिस।

## मूसलाधार बारिश से अधिकतम तापमान 5 डिग्री नीचे गिरा, गर्मी से मिली निजात

**क्रा-**

**- ताबड़तोड़ बारिश से स्मार्ट सिटी मुरादाबाद की कॉलोनियां, गाली-मोहल्ले पानी से हुए लबालब**

**मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
मुरादाबाद में शनिवार दोपहर को शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने अधिकतम तापमान 5 डिग्री तक नीचे गिरा दिया। वहीं सप्ताह भर से भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को गर्मी से काफी हद तक निजात मिली। ताबड़तोड़ बारिश से स्मार्ट सिटी मुरादाबाद की विभिन्न कॉलोनियां और गली-मोहल्ले पानी से लबालब भर गए। शुक्रवार देर रात्रि हुई 2 घंटे की बूंदाबांदी का असर शनिवार सुबह को दिखाई दिया।
आज सुबह आसमान में सूर्य देवता नहीं दिखे और बादल छाए रहे। दोपहर 12 बजे मूसलाधार बारिश मुरादाबाद में प्रारंभ हो गई, जो देर शाम तक जारी रही। बीते एक सप्ताह से जहां मुरादाबाद का औसतन अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। बीती देर रात्रि बूंदाबांदी और आज दोपहर से हुई ताबड़तोड़ बारिश से अधिकतम तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान 2 डिग्री नीचे पहुंच गया।
राजकीय इंटर कॉलेज में मौसम प्रयोगशाला प्रभारी निसार अहमद ने बताया कि शनिवार दोपहर को मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस नोट किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार और सोमवार को भी मुरादाबाद में बारिश होगी वहीं मंगलवार से मुरादाबाद में मौसम साफ होगा।

## श्रद्धालुओं के साथ लूटपाट करने वाले चार दबोचे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जैंत पुलिस ने 29 अगस्त को पीएमवी कालेज के पास एक यात्री से हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए लोट के आरोप चार युवकों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के मुताबिक गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा, चार कारतूस, लूट की घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल, एंड्राइड व कीपैड मोबाइल फोन तथा 2170 रुपये नगद बरामद किये गये हैं। शुक्रवार की रात को भोला पुत्र चोब सिंह निवासी ग्राम अक्रूर थाना जैत, अनुराग पुत्र ईश्वरचन्द्र निवासी ग्राम अक्रूर थाना जैंत, नीरज पुत्र बदन सिंह निवासी ग्राम अक्रूर थाना जगत तथा राकेश पुत्र ध्रुव निवासी ग्राम अक्रूर थाना जैंत को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## गोवर्धन पहुंचे केंद्रीय पेट्रोलियम राज्य मंत्री



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार देर शाम गोवर्धन पहुंचे मंत्री रामेश्वर तेली ने ई रिक्शा से गिरिराजजी की परिक्रमा लगाई। उन्होंने बताया कि गिरिराज जी की उनके ऊपर कृपा है, तभी गोवर्धन आना संभव हुआ। वह हमेशा गिरिराज प्रभु के दर्शनों के लिए आते रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सबके सुख में ही अपना सुख मानती है। मोदी योगी देश सेवा के लिए समर्पित हैं। गिरिराज प्रभु के चरणों में प्रार्थना करता हूं कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बने। भारत विश्व में श्रेष्ठ देश के रूप में विकसित हो। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एसडीम कंचन गुप्ता,व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश पहलवान आदि मौजूद थे।

# प्रतीकों को देख कर होगा कान्हा की नगरी में आने का अहसास

**सौंदर्यीकरण**

**-भूतेश्वर चौराहे के बाद स्टेट बैंक चौराहे का हुआ इसी तर्ज पर सौंदर्यीकरण**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा की नगरी में प्रमुख तिराहे चौराहों पर प्रतीकों को देख कर यहां आने वाले लोगों को कान्हा की नगरी में होने का पल पल अहसास रहेगा। नाम के अनुरूप भूतेश्वर चौराहे पर भगवान शिव के प्रतीक चिन्हों चंद्र, डमरू, त्रिशूल आदि को लगाया गया है। इसी तर्ज पर मथुरा के प्रसिद्ध एसबीआई चौराहे पर भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी व माखन मटकी को सजाया गया है। चौराहे को फसाड लाइटिंग से सुसज्जित किया गया है। लोकार्पण के बाद चौराहे की खूबसूरती निखर उठी है। इस प्रतिमा का निर्माण भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा मथुरा तथा नगर निगम के सहयोग द्वारा किया गया है।



लोकार्पण अवसर पर महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, जिला अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त नगर निगम अनुनय झा, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के वीसी नगेन्द्र प्रताप, अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह, सचिव एमवीडीए राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त राज कुमार मित्तल, भारतीय स्टेट बैंक के उपमहाप्रबंधक राजीव मिश्रा एवं मुख्य प्रबंधक मुख्य शाखा शैलेष तथा एसबीआई बैंक के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अद्वितीय प्रतिमा स्टेट बैंक चैराहे का सांस्कृतिक धरोहर के महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतीक है। इस प्रतिमा का निर्माण भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा मथुरा तथा नगर निगम के सहयोग द्वारा किया गया है। प्रतिमा में नगर की सांस्कृतिक धरोहर की महत्वपूर्ण मुद्रा है।
**फोटो परिचय-**
स्टेट बैंक चैराहे पर मूर्तियों के लोकार्पण अवसर पर मौजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि।

## नकली पुलिस बनकर ट्रकों से वसूली करने वाला युवक गिरफ्तार

**जौनपुर/टीम एक्शन इंडिया**
खेतासराय थाना की पुलिस ने शनिवार को चेकिंग के दौरान एक युवक को पुलिस की वर्दी और लाल बत्ती लगी वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। शुरूआत में पुलिस टीम ने उसको सलामी ठोका लेकिन बातचीत में संदिग्ध लगा तो गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से फर्जी यूनिफॉर्म के साथ कई अन्य फर्जी दस्तावेज बरामद हुआ है । आरोपित को धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में चालान कर न्यायालय भेज दिया।
शाहगंज के क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी ने इस संबंध में बताया कि शनिवार को खेतासराय थाना प्रभारी राजेश यादव पुलिस टीम के साथ मानी खुर्द रोड पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान वहां से लाल बत्ती लगी कार गुजरी तो पहले पुलिसकर्मियों ने अफसर समझकर उसे सलामी दी, लेकिन उसकी हरकत पर शक हुआ और पुलिस ने पूछताछ की। उसने अपना नाम मवई निवासी उमेश यादव बताया है। उसने स्वीकारा की पुलिस की वर्दी को रात्रि में ट्रकों से अवैध वसूली और लोगों में रौब बनाने के लिए पहनता है। तलाशी में उसके पास से पुलिस की वर्दी, विभागीय आईडी, कई अन्य फर्जी दस्तावेज, स्टाम्प पेपर और मोबाइल बरामद हुआ है। सीओ ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर राजेश यादव, उपनिरीक्षक शान मोहम्मद, रामभवन यादव अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## 6.5 किलो से अधिक गांजा पकड़ा, दो गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यमुना पार स्थित राया मथुरा रोड पर डहरूआ फाटक सिद्धार्थनगर मोड़ के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस ने करीब साढे छह किलो गांजा बरामद किया है। थाना जमुनापार पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया। नरेन्द्र सिंह पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी सीएल किला गेट थाना कोतवाली हाथरस से 4.232 किलो तथा धर्मेन्द्र पुत्र रमेश चन्द निवासी ग्राम व पोस्ट बस्तोई थाना हसायन जिला हाथरस के पास से 2.316 किलोग्राम गांजा बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया कि डहरूआ फाटक सिद्धार्थनगर मोड की ओर जाने वाले मार्ग पर थाना क्षेत्र जमुनापार पर से पकडे गये दोनों युवकों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# उत्तर भारत के प्रसिद्ध लट्ठ मेला का हुआ आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
धर्मनगरी वृंदावन के प्रसिद्ध रंगनाथ मंदिर में शुक्रवार को नंदोत्सव के अंतर्गत लठ्ठ के मेले में पहलवानों ने जमकर अपने जौहर दिखाए। पचास फीट ऊंचे लट्ठे पर चढ़ने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे पहलवानों का श्रद्धालुओं ने भी खूब उत्साहवर्धन किया। उत्तर भारत के रंगनाथ मंदिर में गुरुवार को रोहिणी नक्षत्र अनुसार कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाए जाने के बाद नंदोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। करीब पौने दो सौ



वर्षो से चली आ रही परंपरानुसार ऐतिहासिक लट्ठ के मेले में अंतयार्मी अखाड़े के पहलवानों द्वारा ठाकुर रंगनाथ भगवान के आशीर्वाद से 50 फीट ऊंचे चिकने लट्ठे पर चढ़ने का जौहर दिखाया जाता है। सायंकाल मुहूर्त अनुसार मुरली धारण किए ठाकुर रंगनाथ भगवान कदंब के वृक्ष पर विराजित होकर रथ में सवार होकर मंदिर के पश्चिमी द्वार पर पहुंचे। करीब दर्जनभर से अधिक पहलवानों ने ठाकुर जी का आशीर्वाद लेकर विविध प्रकार के मिश्रण से चिकने किए गए खंभे पर चढ़ने की प्रक्रिया शुरू की। इधर जैसे ही पहलवान एक दूसरे के कंधे पर सवार होकर ऊपर चढ़ते, मंच पर बैठे मंदिर के सेवक तेल मिश्रित पानी की बौछार कर उसके ऊपर चढ़ने से रोकते। लगभग चालीस मिनट से अधिक समय तक यही क्रम चलता रहा। जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने जमकर लुत्फ उठाया। इसके बाद पहलवानों ने एक बार फिर ठाकुर रंगनाथ भगवान की जय कार करते हुए चढ़ाई शुरू कर दी और मचान पर चढ़ने में सफल हो गए।

# दीपों की रोशनी में पधारे कृष्ण मुरारी, भक्त हुए बलिहारी

**नंदोत्सव**

**-देवकीनंदन महाराज ने किया अभिषेक, भक्तों ने दी नंदोत्सव की बधाई**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ठा. श्रीप्रियाकान्तजु मंदिर पर कन्हैया के प्राक्ट्यदिवस पर भक्तों ने हजारों दीप जलाकर खुशियां मनाईं। विप्रगणों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य देवकीनंदन महाराज ने बाल विग्रह का पंचामृत से अभिषेक कर महा आरती उतारी। बाल गोपाल को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। भोर तक श्रद्धालु भक्त कृष्ण भजनों पर नृत्य करते हुये नंदोत्सव



फोटो परिचय- ठा. श्रीप्रियाकान्तजू मंदिर पर विग्रहों का अभिषेक करते पुजारी।

मनाते रहे। छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर पर हजारों भक्तों ने श्रीकृष्णजन्म महोत्सव मनाया। गुरूवार की रात्रि नौ बजे से महोत्सव की शुरूआत हुई तो श्रद्धालु कन्हैया से प्रकट होने की मीठी मनुहार करते नजर आये। अब दर्शन दो गिरधारी, हम आये शरण तिहारी। जैसे मधुर भजनों पर महिला श्रद्धालुओं के साथ बच्चे बूढें सभी भक्ति के रस में डूबे रहे। रात्रि 12 बजे से पहले ही मंदिर परिसर में 11 हजार घी के दीपक जलाये गये। जैसे ही कन्हैया के जन्म का समय समीप आया, मंदिर गर्भ गृह में शंखों की ध्वनि से मंत्रोच्चार प्रारम्भ हो गये। कमलपुष्प की उभरी हुई आकृति में बनी गुलाबी पोशाक, सोने की बंशी, मुकुट, लकुटि धारण किये प्रियाकान्तजु ने भक्तों को दर्शन दिये देवकीनंदन महाराज ने विप्रजनों के साथ बाल गोपाल के विग्रह का पंचामृत से अभिषेक पूजन किया, महाआरती उतारी। कमलकपुष्प मंदिर दीपकों के प्राकृतिक प्रकाश में अद्भुद छटा बिखेर रहा था। मंदिर परिकर में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने अपने मोबायल की लाईट जलाकर अपने तरीके से कन्हैया की आरती उतारी। अभिषेक पश्चात मंदिर में नंदोत्सव मनाया गया। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। नंद के आनंद के भये, जय कन्हैया लाल की पर सभी झूम कर नृत्य कर रहे थे। रात्रि दो बजे तक देवकीनंदन महाराज श्रद्धालु भक्तों को कृष्ण भक्ति में गोते लगवाते रहे। शुक्रवार सुबह पांच बजे मंदिर में मंगला आरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

# एनपीएस के खातों की जांच नियमित रूप से करवाएं : नरेश उत्तम

**मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आश्वासन समिति के सभापति नरेश उत्तम की अध्यक्षता में मुरादाबाद के सर्किट हाउस सभागार में शनिवार को बैठक संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक में सभापति व समिति सदस्यों द्वारा विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी से बिजली दर के फिक्स्ड चार्ज के बारे में तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के बिजली कनेक्शन के बारे में जानकारी ली गई जिस पर बिजली विभाग के अधिकारी को दो दिन के अंदर लिखित रूप से जवाब समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। समिति द्वारा बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के संबंधित अधिकारियों से शिक्षकों के रिक्त पदों के बारे में जानकारी ली गई तथा एनपीएस कटौती की विसंगतियों पर चर्चा करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि एनपीएस के खातों की जांच नियमित रूप से करवाते रहें। बैठक में समिति द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद से श्रेणी ग व घ के रिक्त पदों के बारे में जानकारी ली गई जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी समिति को द्वारा अवगत कराया गया कि श्रेणी ग में 471 पदों के सापेक्ष 220 पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं तथा घ श्रेणी से 289 के सापेक्ष 216 पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं जिस पर समिति ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद को निर्देश दिए कि जो पद रिक्त हैं इनको भरने हेतु उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समिति ने उच्च शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी को भी निर्देश दिए की रिक्त पदों को भरने हेतु आवश्यक कार्रवाई उचित माध्यम से की जाए।

# संपूर्ण समाज ग्राहक है: संघ प्रमुख मोहन भागवत

## ग्राहक को लेकर संपूर्ण अर्थ जगत का चिंतन करने वाला संगठन है ग्राहक पंचायत: डॉ. मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
**अखिल भारतीय** ग्राहक पंचायत के स्वर्ण जयंती वर्ष उद्घाटन समारोह का कार्यक्रम आज सेवा साधना विकास केंद्र पट्टी कल्याण, समालखा में प्रारंभ हुआ। देश के ग्राहकों के लिए कार्य करने वाले इस संगठन के देशभर से आए 800 पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत प्रमुख रूप से उपस्थित थे। केंद्रीय उपभोक्ता कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। मंच पर बड़ौदा इस्कान के प्रमुख स्वामी नित्यानंद जी तथा स्वामी विचार चिन्मयानंद जी के साथ स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह समिति के अध्यक्ष अशोक पांडे व ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष नारायण भाई शाह भी उपस्थित थे। उपभोक्ता राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा



आज ग्राहक पंचायत के स्वर्ण जयंती वर्ष के उद्घाटन के साथ ही देश में जी 20 सम्मेलन का भी उद्घाटन हो रहा है। जी 20 में सम्मिलित देश विश्व की अर्थव्यवस्था के 70 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहां अर्थ है वहां ग्राहक है। इस दृष्टिकोण से ग्राहक पंचायत का कार्य महत्वपूर्ण है। कौटिल्य ने भी कहा था राजा और प्रजा के बीच पिता पुत्र का संबंध होता है। कुछ दिन चल पहले हमने एनसीआर में ग्राहकों को लाभ देने वाली एक योजना प्रारंभ की है। हमने किसानों से उनका उत्पादन सीधे खरीद कर ग्राहकों तक पहुंचना शुरू किया है। इस योजना में श्रीअन्न को भी सम्मिलित किया गया है। यदि यह प्रयोग

**स्वर्ण जयंती**

**⏩ हमें प्रगति तथा प्रकृति दोनों की आवश्यकता है। ग्राहकों को गुणवत्ता युक्त वस्तु मिले, यह विश्वास दिलाने की आवश्यकता है**

सफल हुआ तो सरकार गाडियों के द्वारा देश के सभी ग्राहकों के घरों तक किसानों के उत्पादनों को सीधे पहुंचाने का कार्य करेगी। हमें प्रगति तथा प्रकृति दोनों की आवश्यकता है। ग्राहकों को गुणवत्ता युक्त वस्तु मिले, यह विश्वास दिलाने की आवश्यकता है।
वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संगठन के 50 वर्ष पूरे होने के कारण हम इसे स्वर्ण जयंती वर्ष कह रहे हैं। ग्राहकों की समस्याओं को लेकर ग्राहक पंचायत ने जो कार्य किए हैं। उसके अनुसार हम इसे स्वर्ण जयंती वर्ष के स्थान पर स्वर्णिम वर्ष भी कह सकते हैं। ग्राहकों की समस्याओं पर कार्य करने वाले पहले भी थे। परंतु ग्राहक को लेकर संपूर्ण अर्थ जगत का चिंतन करने वाला ग्राहक पंचायत पहला संगठन है। शासन को भी उसने ग्राहक हित का कार्य करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। ग्राहक दर्शन देना उसे अनुभव की कसौटी पर परख कर समाज जीवन में ले जाना आसान कार्य नहीं है। परंतु ग्राहक पंचायत ने यह कर दिखाया है। संपूर्ण समाज ग्राहक है। ग्राहक आंदोलन की आयु नहीं होती क्योंकि समाज में सदैव ग्राहक रहने वाले हैं। ग्राहक पंचायत संगठन का सबसे छोटा कार्यकर्ता जितना मजबूत होगा। उतनी ही ग्राहक पंचायत मजबूत होगी। समस्या, समाधान, ग्राहकों का प्रबोधन आदि करना ग्राहक पंचायत का प्रमुख कार्य है।

**न्यूज फ्लैश**

## 7 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत पुलिस** की एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने चौटाला रोड पर दबिश देकर 7 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रविंद्र उर्फ आकाश निवासी गांधी कॉलोनी के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया वह नशा करने का आदी है। आरोपी रविंद्र उर्फ आकाश अपनी नशे की पूर्ति करने व बेचने के लिए उक्त हेरोइन दिल्ली नरेला से कम कीमत पर एक अज्ञात युवक से खरीदकर लाया था। आरोपी रविंद्र के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर-29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पूछताछ के बाद शनिवार को आरोपी रविंद्र को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उनकी टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि चौटाला रोड पर पावर हाउस के नजदीक एक युवक नशीला पदार्थ बेच रहा है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए मौके पर दबिस दी तो एक युवक पुलिस की गाड़ी को आते देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रविंद्र उर्फ आकाश पुत्र राकेश निवासी गांधी कॉलानी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार पानीपत रविंद्र कुमार की उपस्थिति में युवक की तलाशी ली तो पहनी हुई कैपरी की जेब से हेरोइन बरामद हुई। बरामद हेरोइन का वजन करने पर 7 ग्राम पाया गया।

## कौन बनेगा करोड़पति में आएगी नारनौल की बेटी, राजस्थान में है सरपंच

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
**नारनौल। यहां** की बेटी व राजस्थान के झुंझुनू जिले के एक गांव की महिला सरपंच सोमवार को कौन बनेगा करोड़पति में नजर आएंगी। कौन बनेगा करोड़पति में उन्हें स्पेशल गेस्ट के रूप में बुलाया गया है। नारनौल की बेटी को राजस्थान में हॉकी वाली सरपंच के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपनी पढ़ाई नारनौल के विभिन्न स्कूलों में कॉलेज से की है। नारनौल में जन्मी व पली बढ़ी मूल रूप से पास के गांव छापडा सलिमपुर की रहने वाली नीरू यादव सोमवार को कौन बनेगा करोड़पति में नजर आएंगी। नीरू यादव को केबीसी की टीम ने स्पेशल गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया है। नीरू यादव फिलहाल राजस्थान के झुंझुनू जिले के बुहाना तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव लाम्बी अहीर की सरपंच हैं। उन्हें पूरे राजस्थान में हॉकी वाली सरपंच के नाम से जाना जाता है। नीरू यादव के कौन बनेगा करोड़पति में आने पर उनके भाई सीबीआई में कार्यरत नितेश यादव ने खुशी का इजहार करते हुए बताया है कि नीरू यादव का बचपन नारनौल में ही गुजारा है। वे शहर के सरस्वती स्कूल के अलावा अन्य कई स्कूलों में पढ़ी हुई हैं। वहीं उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई नारनौल के गर्ल कॉलेज से की थी।
उन्होंने बताया कि वे अब शादी के बाद 2020 में लाम्बी अहीर की सरपंच चुनी गई थी। सरपंच चुने जाने के बाद उन्होंने वहां पर शिक्षा, चिकित्सा व खेल के क्षेत्र में गांव में बेहतरीन कार्य किया। उन्होंने लड़कियों की एक हॉकी टीम तैयार की। इस हॉकी टीम का कोच उन्होंने अपने खर्चे पर रखा। अब नीरू यादव द्वारा तैयार की गई हॉकी की टीम अनेक जगह राजस्थान में खेल चुकी है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम करने पर राजस्थान सरकार द्वारा उन्हें शिक्षा अवार्ड भी दिया जा चुका है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने महिला मित्र सच्ची सहेली के नाम से एक एफपीओबी शुरू किया हुआ है, जो अपने आप में एक मिसाल है। इसी को देखते हुए कौन बनेगा करोड़पति की टीम ने नीरू यादव को स्पेशल गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया। अब वह सोमवार को वे कौन बनेगा करोड़पति में नजर आएंगी।

## 'कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत ग्रामीण** विधानसभा के भोला चौक विजय नगर में आज हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस नेता एवं जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश मलिक का कॉलोनी वासियों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं उन्होंने भी सभी कॉलोनी वासियों का हाल.चाल जाना। कॉलोनी वासियों ने उन्हें कालोनी की समस्याओं के बार अवगत कराया। वहीं कांग्रेस नेता ने उन्हें भरोसा दिलाया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर अनिल चौहान, सुरेंद्र गुर्जर, राजेश अग्रवाल, बबलू, रमेश प्रजापत, वीरेंद्र कश्यप,विनोद वर्मा, सोनू,गोलू, रमेश कुमार, राजू रोड़, कुलदीप शर्मा, सरोज, रामभतेरी, सुनीता, विमला व कविता आदि मौजूद थे।

## राठधानी रोड़ न बनने पर अनिश्चितकालीन धरना जारी

### रोड का 4.5 करोड़ का निगम से एस्टिमेट बनवा दिया है: सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा सरकार** द्वारा आई.टी.आई. से नरेला तक के रोड को फोर लेन पास हुए पाच वर्ष से अधिक हो गये है जो एच.एस.आर.डी.सी. विभाग द्वारा किया जाना था परंतु इसका एक 990 मीटर का टुकड़ा बिजली विभाग के खंभे ना हटाने की वजह से अभी तक अविकसित बचा हुआ है जिसकी वजह से सोनीपत शहर के लोगो को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है।सीनियर डिप्टी मेयर ने बताया कि निरंतर इस बचे हुए टुकड़े को बनवाने के लिये हरियाणा सरकार को चिट्ठी लिखी गई है परंतु कोई ठोस कारवायी न होने के उपरांत उन्होंने पार्षद सूर्या दहिया से बात करके नगर निगम हाउस मीटिंग में रोड को बनाने का प्रस्ताव सदन से पास कराया।

**अविकसित**

**⏩ 990 मीटर का टुकड़ा बिजली विभाग के खंभे ना हटाने की वजह से अभी तक अविकसित बचा हुआ है**

सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने बताया कि उन्होंने इस रोड का 4.5 करोड़ का निगम से एस्टिमेट बनवा दिया है जिसको फाइनेंस कमेटी से पास कराकर जल्दी ही काम शुरू करा दिया जायेगा।हालाकि इस रोड को बनाने के लिये नगर निगम को एच.एस.आर.डी.सी. विभाग द्वारा रोड बनाने के लिए पैसे भेजे जाने चाहिए परंतु कोई भी राशि न आने के पश्चात भी सोनीपत शहर की जनता को आवागमन में हो रही असुविधा को देखते हुए उन्होंने निगम के ही बजट से इस रोड को बनाने के आदेश दिये है।

## लोक अदालत में 11837 केसों का किया फैसला



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल** । हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार आज न्यायिक परिसर नारनौल, महेन्द्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि इस लोक अदालत में नारनौल में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मैडम राज गुप्ता, अतिरिक्त सिविल जज सिनियर डिवीजन अमित सिहाग व सिविल जज जुनियर डिवीजन अमनदीप की बैचों द्वारा व कनीना में अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन मैडम मैनका सिहं व महेन्द्रगढ़ में सिविल जज जुनियर डिवीजन मंजित पाल न्यायधीशों की बैचों द्वारा फैसले किए गए।
उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में वाहन दुर्घटना मुआवजा केस, वैवाहिक मामले, जमीन अधिग्रहण मुआवजा से सम्बन्धित मामले, दीवानी मामले जैसे की किराया, बैंक ऋण, बच्चों व पत्नी के लिए भरण-पोषण, बैंक बाउंस व राजीनामा योग्य फौजदारी मामलों को रखा गया। इस लोक अदालत में कुल 22959 केस निपटारे के लिए रखे गए जिनमें से 11837 केसों का फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि इसमें से 36 मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले जिनमें कुल 1 करोड़ 73 लाख 3 हजार रूपए का मुआवजा दिया गया।

## पीएनबी बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का 13वां स्थापना दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
जयप्रकाश नारायण पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का 13वां स्थापना दिवस मनाया गया। 13वें स्थापना दिवस पर संस्थान में सांस्कृतिक गतिविधयों के साथ 23 महिला परीक्षार्थियों को मुख्य अतिथि तुला राम जिला अग्रणी प्रबंधक व विशिष्ट अतिथि गांव सिवाह से जिला पंचायत समिति के मेंबर बिजेन्द्र कादियान, विशेष अतिथि हरियाणवीं कलाकार पीके बॉस व पंचायत मेंबर शेरसिंह के हाथों प्रमाण पत्र वितरित किये गए। वहीं हरियाणवीं कलाकार पीके बॉस ने भी एक से बढकर एक प्रस्तुति दी। संस्थान के सहायक अनिल मलिक द्वारा मंच संचालन करते हुए संस्थान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। विशिष्ट अतिथि बिजेन्द्र कादियान ने कहा कि बेरोजगारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। व्यवसाय एवं रोजगार परक शिक्षा को अपनाकर व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है । कई प्रकार की स्वराज एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण देना इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य है।

## युवती पर किया हमला, पति पत्नी पर मामला दर्ज

**गन्नौर:** गांव बांय में पड़ोसियों ने घर बाहर बर्तन धो रही एक युवती पर हमला कर दिया। बीच बचाव में आए युवती के पिता को भी हमलावरों ने घायल कर दिया। पिता ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव बांय के रहने वाले घसीटा ने बताया कि 5 सितंबर को उसकी बेटी प्रीति घर के बाहर बर्तन धो रही थी। कुछ देर बाद बाहर से उसकी बेटी के चीखने चिल्लाने की आवाज आई। जब वह बाहर निकला तो उसने देखा कि गांव के धर्मबीर व उसकी पत्नी बबली उसकी बेटी प्रीति को पीट रहे थे। धर्मबीर की पत्नी ने लकड़ी काटने वाले दा से उसकी बेटी के सिर पर वार किया।

## अनुभव एकेडमी के सभी विद्यार्थियों के साथ सांझा किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पीसीसी एकेडम** में आज अरब देश कतर से पहुंचे विकास मेहता ने शिरकत की। विकास मेहता पीसीसी एकेडमी से शिक्षा लेकर आज कतर देश में नौकरी कर रहे हैं। विकास मेहता ने पीसीसी एकेडमी पहुंचकर अपने गुरु राजीव परुथी का आशीर्वाद लिया एवं अपने भारत देश में आते ही सबसे पहले पीसीसी एकेडमी में शिरकत की और अपनी यात्रा एवं अपना अनुभव एकेडमी के सभी विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। वहीं राजीव परुथी ने विकास को



स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं सभी बच्चों के सामने कक्षा में कहा कि ऐसे होनहार बच्चों की वजह से शिक्षक का सम्मान बढ़ता है। राजीव परुथी ने कहा जीवन में इंसान को कभी हार नहीं माननी चाहिए एवं हमें पुराना वक्त नहीं भूलना चाहिए। राजीव के अनुसार किसी ने सत्य कहा है
पुराना 100 दिन नया 9 दिन इस बात से हमें यह सीखना चाहिए कि हमें पुराने रिश्तों को जोड़ कर रखना चाहिए। इस मौके पर पलक सहगल, संजना धमीजा, सिमरन, प्राची व ममता आदि मौजूद रहे।

## फर्स्ट ऐड प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**एसडी पीजी** कॉलेज में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर फर्स्ट ऐड प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे कॉलेज के लगभग 100 वाईआरसी कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कैंप में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत से फर्स्ट ऐड ट्रेनर सोनिया शर्मा और कला भारद्वाज ने उपस्थित कार्यकताओं को फर्स्ट ऐड के बारे में विस्तार से बताया और सिखाया। गौरव आर रामकरण सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा और कॉलेज में वाईआरसी नोडल ऑफिसर



डॉ.राकेश गर्ग ने की। विदित रहे कि इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज ने साल 2000 में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस की शुरूआत की थी। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर महीने के दूसरे शनिवार को वर्ल्ड फर्स्ट एड डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। रेड क्रॉस से सोनिया शर्मा ने अपने प्रशिक्षण में बताया कि किसी भी बीमारी, चोट या दुर्घटना के लिये चिकित्सक या ऐम्बुलेंस आने से पहले जो राहत कार्य और उपचार किया जाता है उसे ही प्राथमिक सहायता कहते हैं। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि किसी भी घायल या बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक पहुँचाने से पहले उसकी जान बचाने के लिए हम जो कुछ भी कर सकते हैं उसे प्राथमिक चिकित्सा कहते हैं और इसका ज्ञान हर विद्यार्थी को होना चाहिए। वाईआरसी नोडल ऑफिसर डॉ.राकेश गर्ग ने कहा कि फर्स्ट ऐड किट में क्या-क्या साधन रखे होने चाहिए। यह इसके इस्तेमाल करने वाले के ज्ञान और अनुभव पर निर्भर करता है। तत्पश्चात मुसीबत में पड़े व्यक्तियों की मदद करने की शपथ सभी वाईआरसी कार्यकताओं को प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने दिलाई।

## 'एक साइकिल यात्रा, नशा मुक्ति के नाम' थीम के साथ साइक्लोथॉन का जिला महेंद्रगढ़ में प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़**
हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत प्रदेश को नशे से मुक्त करने के संकल्प को लेकर चल रही साइक्लोथॉन (साईकिल रैली) ने शनिवार को जिला महेंद्रगढ़ में प्रवेश किया। रेवाड़ी जिला की सीमा पर पड़ने वाले गांव कोटिया में अटेली के विधायक सीताराम यादव ने सभी साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद विधायक भी कनीना टी पॉइंट तक इस साइक्लोथॉन में शामिल हुए।
इस मौके पर विधायक ने कहा कि



मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने को संकल्पित है। "एक साइकिल यात्रा, नशा मुक्ति के नाम" की थीम पर चल रही यह साइक्लोथॉन प्रदेश के नागरिकों को नशा से दूर रखने के लिए कारगर साबित होगी। यह साइक्लोथॉन नशे के खिलाफ इस जंग में अहम रोल अदा करेगी। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन को लेकर जिला महेंद्रगढ़ के युवाओं में भारी उमंग व उत्साह है। उन्होंने कहा कि नशे के आदी हो चुके युवाओं को नशे की लत छुड़वाने के लिए राज्य में नशामुक्ति केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन नशा मुक्ति केन्द्रों में मुफ्त दवाइयां दी जाती है। इसके अलावा नशे के खिलाफ हरियाणा सरकार विभिन्न स्तर पर कार्रवाई कर रही है। नशा की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

**पूर्व सैनिक संगठन की ओर से मरणोपरांत रणबीर कादियान को आर्य वीर रत्न की उपाधि दी**

## शहीद रणवीर कादियान का 58वां प्रदेश स्तरीय शहीदी दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल में भारतीय सेना की 7वीं जाट रेजीमेंट के अमर शहीद रणवीर कादियान का 58वाँ प्रदेश स्तरीय शहीदी दिवस समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के प्रधान सेठ राधा कृष्ण आर्य रहे। विशिष्ट अतिथि दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एवं जिला सैनिक कल्याण संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजवीर शर्मा, प्रकाशवती आर्या, वीरमति आर्या और आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधाना सुमित्रा अहलावत रही। विशेष अतिथि समाजसेवी राजश्री आर्या पंचकूला, शीला आर्या और भरतो देवी करनाल रहे। अध्यक्षता आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधान वीरेंद्र पाढ़ा ने की। स्कूल के उप प्रधान रवि अहलावत, प्रबंधक

**याद किया**

**⏩ सभी ज्ञात अज्ञात सेना के अमर शहीदों को आज हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा की और से श्रद्धांजलि देते हैं**




जसवीर ग्वालाडा, रामपाल इसराना, प्राचार्य मनीष आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ हुआ गांव सिवाह की सरपंच सुनीता आर्या, सेठ राधा कृष्ण आर्य और स्कूल प्रधान रणदीप कादियान ने यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। हरियाणा पूर्व सैनिक संगठन की ओर से मरणोपरांत रणबीर कादियान को आर्य वीर रत्न की उपाधि देते हुए उनके पुत्र रणदीप आर्य को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने हरियाणा के विभिन्न जिलों के सभी पूर्व सेवा अधिकारियों और सैनिकों को विशेष तौर पर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधान एवं महाराजा सूरजमल जाट धर्मशाला सिवाह जीटी रोड के संस्थापक रणदीप आर्य ने सभी का स्वागत किया और प्राचार्य सत्यवान मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया।
मुख्य अतिथि सेठ राधा कृष्ण आर्य ने कहा कि वे अमर शहीद रणवीर कादियान के साथ साथ उन सभी ज्ञात अज्ञात सेना के अमर शहीदों को आज हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा की और से श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों कि आहुति दी।

# गंदगी के साए में जीने को मजबूर वार्ड-62 के लोग

## शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समस्या का निदान, खत्ता बंद होने के बाद से फैली गंदगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड-62 के स्थानीय लोग काफी लंबे समय से गंदगी के साए में जीने को मजबूर हैं। महीनों तक पड़ा रहता हैं सड़कों पर कूड़ा, जिसके चलते बदबू से लोगों का सांस लेना भी मुहाल हो चुका हैं।

आपकी जानकारी के लिए बतादें कि वार्ड नंबर-62 स्थित डी ब्लॉक में इन दिनों सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। जगह-जगह लगे कूड़े के ढ़ेरों का संबंधित विभाग के कर्मचारियों द्वारा उचित प्रबंध न किए जाने के कारण लोगों की समस्याओं को बढ़ा रहे हैं।





**लोगों को सताने लगा हैं डेंगू-मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने खतरा:** वहीं बारिश के कारण इन कूड़े के ढ़ेरों से गंदी बदबू पैदा हो रही है, जिस कारण पास से गुजरने वाले लोगों का सांस तक लेना मुश्किल हो गया है। लोगों को मजबूरन नाक पर रुमाल रख कर या अपनी-अपनी सांसें रोक कर इन कूड़े के ढ़ेरों के पास से गुजरता पड़ता है। लम्बे समय तक कूड़े के ढ़ेर पड़े रहने से डेंगू-मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है।

**क्या कहती हैं स्थानीय जनता:** वहीं नाम न छापने की शर्त पर स्थानीय दुकानदार ने बताया कि उन्होंने कई बार निगम पार्षद से शिकायत की थी, लेकिन पार्षद ने यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया कि वह जगह डुसुब की हैं, इसलिए उनका अधिकार क्षेत्र हैं, वहीं डुसुब का कहना हैं कि यह जगह निगम की हैं, वही सफाई करवाऐंगे, अब दोनों विभागों की आपसी रार के बीच स्थानीय जनता पीस कर रह गई हैं। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि पहले यहां पर कूड़े का खत्ता बना हुआ था, जब तक तो सब ठीक था, लेकिन निगम द्वारा खत्ता बंद करने के बाद से लोग सड़क पर कूड़ा फैंकने लगे हैं। वहीं पास के इलेक्ट्रॉनिक की शॉप चलाने वाले दुकानदार ने बताया कि हम लोग असमंजस में पड़ चुके हैं कि हम किस विभाग या राजनेता के दरवाजे खटखटाएं, जो सफाई करवा सकें। तो वहीं स्थानीय निवासी व कपड़े की दुकान चलाने वाले बुजुर्ग का कहना हैं कि इलाके में जो कूड़े के ढ़ेर लगे हुए हैं, जो शायद नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को नजर नहीं आ रहे।

लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों व पार्षद किशन बेमाड़ से अपील की हैं कि वह हालातों की गंभीरता को समझते हुए इलाके की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए, ताकि लोग स्वच्छ माहौल में चैन की सांस ले पाएं।

**क्या कहते है निगम पार्षद किशन बेमाड:** निगम के कर्मचारियों के द्वारा समय पर सफाई की जाती है, लेकिन रात को लोग कूड़ा फेक देते है, जिसकी वजह से यह गंदगी हो जाती है। मेरी जनता से अपील है कि कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डाले, जिससे की क्षेत्र साफ और स्वच्छ नजर आये।

# आजादपुर मंडी: जाम की समस्या से लोग हो रहे परेशान: पंकज भरेजा

## मंडी में जाम की समस्या पर नहीं दे रहा है प्रशासन ध्यान: पंकज भरेजा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी व युवा नेता पंकज भरेजा ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर सब्जी व फल मंडी में जाम की समस्या मुख्य समस्या हो गई है, जिसके चलते यहां पर आने वाले सभी लोगों को इस समस्या से खासा परेशान होना पड़ रहा है।

**जाम की समस्या से जूझ रहे हैं लोग:** आजादपुर मंडी में जाम की समस्या का सामना यहां पर आने वाले सभी लोगों को करना पड़ रहा है, कई बार तो इतना भयंकर जाम होता है, कि लोगों को जाम से निकलने में ही काफी समय बर्बाद हो जाता है।

**मंडी के लगभग सभी शैड के बाहर भी है जाम की समस्या:** आजादपुर मंडी के लगभग सभी शैड़ व आजादपुर मंडी के मुख्यद्वार पर जाम की समस्या है, जिसके चलते लोग परेशान होते है, प्रशासन को शिकायत के बाद भी नहीं होता है, समस्या का समाधान, जिसके चलते लोग परेशान होते है।

**प्रशासन निकाले जाम की समस्या का समाधान:** पंकज भरेजा ने कहा कि मंडी प्रशासन को जाम की समस्या के समाधान पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, ताकि आजादपुर मंडी में आने वाले लोगों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े।

# शिक्षिका रितु गुलाटी को मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य शिक्षक पुरस्कार

## शिक्षिका रितु गुलाटी को शिक्षा मंत्री आतिशी ने किया सम्मानित





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिक्षक दिवस** के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ राज्य शिक्षक पुरस्कार मिलने के बाद शिक्षिका रितु गुलाटी को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। रितु गुलाटी ने यह पुरस्कार जीतकर अपना नाम उन शिक्षकों की सूची में शामिल कराया है जो छात्रों के कल्याण में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। साथ ही नैतिकता के अपने कार्यस्थल पर उच्च संस्थागत अखंडता बनाए रखते हैं। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिया है। बतादें की शिक्षका रितु गुलाटी वर्तमान में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल लिबासपुर में वाईस प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत है। इन्होंने अपनी शिक्षा लेडी इरविन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से होम साइंस में पूरी की है और साथ पिछले 30 साल से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रही है। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर स्टेट टीचर अवार्ड पाने वाले शिक्षकों की लिस्ट जारी की गयी थी।

इसमें राजधानी के उन टीचरों को शामिल किया गया था, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में शानदार काम किया है। अवार्ड के लिए कुछ स्कूल प्रमुख के नामों को भी लिस्ट में शामिल किया गया है। इसमें एनडीएमसी स्कूल के बेस्ट स्कूल प्रमुख, राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय से स्कूल प्रमुख और शिक्षक, सहायक शिक्षक प्राइमरी और नर्सरी, स्पेशल कैटेगरी में टीचर अवार्ड, फेस ऑफ डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन अवार्ड्स, शिक्षा मंत्री द्वारा स्पेशल टीचर अवार्ड और स्कूल में बेस्ट स्पोर्ट्स टीचर का अवार्ड दिया गया।

# शारीरिक शिक्षक के पद पर तैनात अमित सहरावत हुए सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक शिक्षक** अगर चाहे तो तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल कर सकता है।

दिल्ली सरकार शिक्षा निदेशालय में शारीरिक शिक्षक के पद पर तैनात अमित सहरावत ने पिछले कुछ वर्षों में कड़ा परिश्रम कर अपने पचास से अधिक विद्यार्थियों को जोनल, इंटर जोनल व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग दिलवाया और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करवाया। राजकीय सह-शिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोगा में कार्यरत शारीरिक शिक्षक अमित सहरावत को उनकी इन्हीं उपलब्धियों के फलस्वरूप राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**अमित सहरावत को सीएम केजरीवाल ने किया सम्मानित:** **दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद कुमार केजरीवाल, शिक्षा मंत्री अतिशी, शिक्षा सचिव अशोक कुमार,शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता, क्षेत्रीय निदेशक विकास कालिया,उप-शिक्षा निदेशक जिला उत्तर-पश्चिम-अ से ए के भट्ट, उप शिक्षा निदेशक जोन-10,डा बालेश कुमारी विजयरन फिजिकल सुपरवाइजर जोन-10,अनीता चौधरी की उपस्थिति में अमित सहरावत को सम्मानित किया गया।

# महंगाई से सभी वर्ग के लोग परेशान: हरीकिशन जिंदल



**नई दिल्ली। आदर्श** नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने बताया कि भाजपा व आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को महंगाई से जूझना पड़ रहा है, रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे रहे है , जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, जिसके की जनता को परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में जनता को परेशान नहीं होना पड़ता था।

# दिल्ली देहात की 18 सूत्री मांगों पर काम करें सरकार: थान सिंह यादव

## दिल्ली देहात व गांव बचाओ-दिल्ली बचाओ को लेकर आंदोलन होगा: पंचायत संघ प्रमुख

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पंचायत** संघ पिछले कई वर्षों से शासन प्रशासन से दिल्ली की आधी आबादी दिल्ली देहात व गांवों की आवाज उठाता आ रहा है। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री चौधरी ब्रहम प्रकाश जी के पैतृक गांव शकूरपुर में 2अक्तूबर 2022 को 18 सूत्री मांगो का पंचायत में प्रस्ताव पास कर शासन-प्रशासन को भेजा था। इसके बावजूद भी दिल्ली के गांवों को रौंदा जा रहा है। वहीं पूर्व मंत्री देवेन्द्र सिंह शौकीन ने दिल्ली देहात को बचाने के लिए सभी को एक मंच पर आने का आव्हान किया हैं। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि गांवों के संसाधनों पर कब्जा किया जा रहा है। सरकार नये मास्टर प्लान में हमारी 18 सूत्रीए मांगो को रखें जिसके लिए पंचायत संघ चेता रहा है।

**कृषि भूमि का कोडियो के दाम अधिग्रहण करना बंद करे सरकार:** हमने जो मांग की उसमें गांवों में ग्राम सेवा केंद्र, गांवों को मालिकाना हक (दिल्ली को छोड़ कर पूरे देश में मालिकाना हक दिया जा रहा है) दिल्ली नगर निगम के सभी करों से मुक्ति, भवन उप नियम से बाहर, पार्किंग, नगर निगम व दिल्ली सरकार में 100 प्रतिशत



नौकरी आरक्षण, स्कूलों व कॉलेजों में 100 प्रतिशत दाखिला, गांवों के लेआउट प्लान, गरीबों के लिए मकान, कृषि भूमिहीनो के लिए नौकरी, गांवों को व्यवसायिक श्रेणी, ग्रामसभा कृषि भूमि का अधिग्रहण ना हो, अब तक अधिकृत की गई कृषि भूमि जो खाली पड़ी है उसे किसानों को वापस करें, म्यूटेशन शुरू करें। दिल्ली की कृषि भूमि का कोडियो के दाम अधिग्रहण करना बंद करे सरकार।

वहीं पंच प्रमुख शिव कुमार यादव ने कहा कि प्रस्तावित कृषि भूमि सर्कल रेट लागू पर देरी व लैंड पुलिंग स्कीम को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। किसानों की कृषि भूमि का प्रति एकड़ 20 से 30 करोड़ मुआवजा दिया जाए। किसानों की कृषि भूमि अधिग्रहण कर स्मार्ट सिटी बनाए सरकार।

पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि 2 अक्टूबर को पंचायत संघ ने गांवों के पंचायत प्रमुखों की पंचायत बुलाई है। पहले मुख्यमंत्री चौधरी ब्रहम प्रकाश जी के पैतृक गांव शकूरपुर में जिसमें इन्हीं मांगो को लेकर ठोस निर्णय लिया जाएगा। जिसमें आगामी लोकसभा व दिल्ली विधानसभा चुनावों को लेकर दिल्ली गांवों के साथ बात कर हर गांवों में गांव चौपाल का आयोजन किया जाएगा, इसमें (गांव व किसान से संवाद) सभी समस्याओं को लेकर होगा। इसमें सभी समाज की महासभाओं को आमंत्रित किया जाएगा।

**18 सूत्रीए मांगो को लेकर निकाली जाएगी मशाल रथयात्रा:** पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा गांव व किसान से संवाद पर दिल्ली देहात के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ब्रहम प्रकाश व स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा के पैतृक गांव से 18 सूत्रीए मांगो को लेकर मशाल रथयात्रा दिल्ली देहात व गांवों को बचाने के लिए निकाली जाएगी। दिल्ली देहात को बचाने के लिए महाआंदोलन होगा। आखिर में गांवों व किसानों से संवाद के लिए गांव चौपाल का आयोजन कर्तव्य पथ पर किया जाएगा।

# शकूरपुर: अवैध कब्जे और अतिक्रमण से दम तोड़ रहा हैं पार्क, प्रशासन मौन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जिसकी लाठी उसकी भैंस......**यह एक ऐसी कहावत है जिसे हम बचपन से सुनते आ रहे हैं। देश की राजधानी दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में पार्कों पर किए गए अवैध कब्जों या अतिक्रमण पर यह कहावत सटीक बैठती दिखाई दे रही है। पूर्वी दिल्ली हो, पश्चिमी हो या फिर उत्तरी या दक्षिणी, हर क्षेत्र में कुछ लोग अपने बल का प्रयोग कर पार्कों पर अवैध कब्जा कर मनमानी कर रहे हैं।

यहां पर हम बात कर रहें है त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-62 स्थित सम्राट सिनेमा के सामने जी ब्लॉक स्थित निगम के पार्क की, जहां लोगों ने पार्क को अवैध रूप से कब्जा कर पार्किंग में तब्दील कर दिया हैं, मामले में दिलचस्प बात तो यह हैं कि स्थानीय निगम पार्षद किशन बेमाड़ का कार्यालय इसी पार्क से सटा हुआ हैं, बावजूद इसके पार्षद साहब मौन बैठे हैं। इस कारण न ही बच्चों के खेलने की जगह बची है न स्थानीय लोगों के सैर करने की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अधिकारियों की लापरवाही का ही नतीजा है। अगर अधिकारी समय पर ध्यान देते तो किसी भी पार्क पर अतिक्रमण न होता।

## सफाई कर्मी जिम्मेवारी से कर रहे हैं कार्य: बेमाड



**वार्ड नम्बर-62 के निगम पार्षद किशन बेमाड** ने बताया कि दिल्ली की महापौर डा शैली ऑबरोय ने तीन चार माह पूर्व दिल्ली नगर निगम से 7200 कर्मचारियों को हटा दिया था, जिसके चलते अब निगम में कर्मचारियों की बेहद कमी हो गई हैं। जिसके चलते पार्कों में साफ सफाई समय पर नहीं हो पा रही हैं और पार्कों में हुए कब्जे को भी कर्मचारियों की कमी के चलते हटाना भी मुश्किल हैं।

# भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा: पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समय पर निपटारा किया जाए। किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर प्रभारी संज्ञान ले और जिम्मेवारी के साथ निवारण करवाया जाए । उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के स्तर का पता लगाने के लिए हर जिले में फीडबैक सेल बनाया जाएगा ,फरीदाबाद में तो फीडबैक सेल बना भी दिया है। जिसमें शिकायत के एक हफ्ते बाद फीडबैक सेल मैं नियुक्त कर्मचारियों द्वारा किसी भी शिकायतकर्ता से फोन करके फीडबैक लिया लिया जाएगा। किराएदार ड्राइवर मेड पासपोर्ट चरित्र सत्यापन इत्यादि सेवाओं के लिए अप्लाई करने वालों से फीडबैक भी फीडबैक लिया जाएगा । पता किया जायेगा की उनका काम समय पर हुआ कि नहीं, पुलिसकर्मी का व्यवहार कैसा था और सेवाओं के बदले रिश्वत की डिमांड तो नहीं की गई है। श्री कपूर शनिवार को सेक्टर-12 लघु सचिवालय स्थित सभागार में क्राइम गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे।

आयोजित गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून - व्यवस्था श्रीमती ममता सिंह, पुलिस कमिश्नर राकेश आर्य और संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल सहित सभी डीसीपी, सभी एसीपी, सभी क्राइम ब्रांच प्रभारी, सभी थाना प्रबंधक और सभी चौकी प्रभारियों के अलावा हुडा सेल, इकोनामिक सेल इत्यादि अन्य युनीट के प्रभारी भी रहे मौजूद। पुलिस महानिदेशक ने निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम प्रहरी से प्रतिदिन डाटा कलेक्ट करें और डाटा पर तुरंत कार्रवाई करें। किसी भी कार्य को करते समय कानूनी प्रक्रिया का पालन करना अति आवश्यक है। प्रत्येक थाने चौकी के बीट इंचार्ज की कार्रवाई के समय अहम भूमिका रहती है इसलिए बीट इंचार्ज को उसके एरिया का अच्छे से पता होना चाहिए और वहां पर रहने वाले लोगों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम और समस्याओं के बारे में समय-समय पर जागरुक करें। बीट प्रणाली के संबंध में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि बीट इंचार्ज को अपनी बीट में नशा करने वाले लोगों की लिस्ट बनाए। भ्रष्टाचार रोकने के लिए उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी दलालों से दूरी बनाकर रखें ,अगर गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित एसएचओ चौकी इंचार्ज व सुपरविजन करने वालो के खिलाफ कारवाई की जाएगी।

# हर क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर है भाजपा सरकार : नरेंद्र गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में हर क्षेत्र के विकास को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और इसी का परिणाम यह है कि जिन क्षेत्रों में वर्षों से विकास की एक ईंट नहीं लगी थी, वहां भी अब युद्ध स्तर पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक नरेंद्र गुप्ता फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने जहां सैक्टर-16 मैगपाई चौक से नेहरू कॉलेज तक व हीवो अपार्टमेट सैक्टर-16ए में आरएमसी रोड के साथ इंटरलॉकिंग टाइल्स का काम पूरा होने ने पर उसे जनता को समर्पित किया। वहीं सैक्टर-8 में अटल पार्क के जीर्णोद्धार कार्य की भी शुरूआत की। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सैक्टर-16ए में लगभग 40 लाख रुपए की लागत से आरएमसी की मजबूत सडक बनाई गई है तथा लगभग 11 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य किया गया है। वहीं अटल पार्क सैक्टर-8 के जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मोदी और मनोहर के नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की की ओर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने सिही में खुले नाले व कूड़े के उठान को लेकर भी लोगों को आश्वासन दिया कि इस समस्या का वे स्थानीय समाधान लोगों को देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** गांव एतमादपुर में हुए ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने मुख्य आरोपी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि मृतक ने मुख्य आरोपी की बहन के संबंध में गलत कमेंट किए थे, जिसको लेकर मुख्य आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर की शाम को गांव एतमादपुर बायपास रोड के पास जा रही 2 नहर के बीच एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला जिसके शरीर पर काफी चोटों के निशान थे। मृतक की बॉडी पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोट मार कर हत्या कर, शव को दोनों नहरों के बीच फेंका गया था। मामले की जांच का जिम्मा क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी दीपक व उनकी टीम को दिया। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी जुनाईल को काबू किया गया तथा अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपियों में जुनाईल व शिवम (19) का नाम शामिल है। आरोपी शिवम मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के संभल जिले के गांव खादराबाद का रहने वाला है, हाल में फरीदाबाद के धीरज नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम सब इंस्पेक्टर विजय कुमार, अमर सिंह, सिपाही विनीत व रमेश ने आरोपी को फरीदाबाद के मवई कठपुला पुल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव एत्मादपुर और धीरज नगर में मृतक की फोटो दिखाकर पहचान कराई गई। जिसकी पहचान धीरज नगर से हुई। धीरज नगर से पता चला कि उसके परिजन मुंबई में रहते हैं। जिनको फोन के द्वारा संपर्क किया गया। मृतक की परिजनों के द्वारा फरीदाबाद आकर पहचान की गई, जिन्होंने बताया कि मृतक का नाम अरविंद उर्फ सत्य (16) है निवासी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गांव नसीरपुर का रहने वाला है जो फरीदाबाद में करीब 10 दिन पहले घूमने के लिए आया था। मृतक के पिता से पता चला कि वह पूर्व में फरीदाबाद के सेक्टर 28 की प्राइवेट कंपनी में काम करता था। जिसकी यहां जान पहचान हो गई थी उसका बेटा जानने वालों के पास घूमने के लिए आया था। गिरफ्तार आरोपी शिवम मॉल में सफाई का काम करता है। मामले में पूछताछ के लिए आरोपी शिवम को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। तथा जुनाईल आरोपी को जुनाईल जस्टिस कोर्ट में पेश कर बल सुधार केंद्र में भेजा गया।

### हिसार: शिक्षा पद्धति में संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों का समावेश जरूरी: देवेन्द्र बबली

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा है कि स्कूल विद्यार्थी की प्रथम सीढ़ी होता है। शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ता जाता है और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। वे शनिवार को खंड उकलाना के गांव चमारखेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा को समग्र विकास का पर्याय बनाने के लिए हमें अपनी शिक्षा पद्धति में संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों का समावेश करना होगा। शिक्षा तभी सार्थक है जब वह छात्र को न केवल ज्ञानवान अपितु संस्कारवान भी बनाए। विकास एवं पंचायती मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके घर द्वार पर ही योजना एवं कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

## हथियार लेकर दवाई की दुकान में घुसे बदमाश तो दुकानदार ने छत से लगाई छलांग

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
सिविल रोड स्थित मेडिकल शॉप में मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश हथियार लेकर लूटपाट के इरादे से घुसे, इस दौरान जान बचाने के लिए दुकानदार भाग कर छत पर चढ़ गया और ऊपर से कूद गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकानदार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश दुकान से नकदी व मोबाइल फोन भी लूट ले गए। घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए और इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# विकास की दौड़ में पृथला क्षेत्र को बनाया जाएगा सबसे अव्वल : नयनपाल

**शिलान्यास**

▶▶विधायक ने गांव फतेहपुर बिल्लौच में किया एक करोड़ 97 लाख के कार्यो का शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि उनका प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में समान रूप से विकास कार्य सम्पन्न हो और इसी प्रयास को लेकर वह गांवों में जाकर लोगों से उनकी समस्याएं जान रहे है और उसी के आधार पर सरकार से राशि मंजूर करवाकर विकास कार्यो की शुरूआत कर रहे है। श्री रावत गांव फतेहपुर बिल्लौच में एक करोड़ 97 लाख के विकास कार्यो का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। विकास कार्यो की सौगात दिए जाने से उत्साहित ग्रामीणों ने भी विधायक श्री रावत का ढोल नगाड़ों की थाप पर जोरदार स्वागत किया और उन्हें गांव की सरदारी की ओर से सम्मान रूपी पगड़ी बांधी। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक नयनपाल रावत ने क्षेत्र के विकास का जो बीड़ा उठाया है,

वह काबिले तारीफ है क्योंकि श्री रावत ने विधानसभा पटल पर भी क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है और ऐसा ही विधायक उन्हें चाहिए था और जब वह विधायक श्री रावत से विकास कार्यो के लिए मिले है, उन्होंने कभी उन्हें निराश नहीं दिया। ग्रामीणों के स्नेह रूपी आशीर्वाद से उत्साहित विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याएं दूर करवाना उनका नैतिक दायित्व है क्योंकि जनता जनार्दन के आशीर्वाद की बदौलत ही वह विधानसभा में पहुंचे है इसलिए उनका प्रयास है कि क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य सम्पन्न हो। उन्होंने कहा कि मौजूदा साल में पृथला क्षेत्र में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य करवाया जाएगा और इस क्षेत्र को विकास की दौड़ में सबसे अव्वल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव में एक करोड़ 97 लाख के जिन विकास कार्यो का शिलान्यास हुआ है, उनमें 81 लाख की लागत से बनने वाली फतेहपुर बिल्लौच लिंक रोड, करीब 36 लाख के लागत से फिरनी के नवीनीकरण तथा करीब 79 लाख की लागत से बनने वाली बल्लभगढ़-फतेहपुर बिल्लौच से सदरपुर वाया अटेरना की सड़क शामिल है।

# स्व. जेके जैन एथलेटिक चैंपियनशिप में खिलाडियों ने दिखाया दमखम




**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद स्कूल में स्व. जेके जैन एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में जिले के 12 स्कूलों ने भाग लिया। चैंपियनशिप के मुख्य अतिथि जाट रेजिमेंट के सेवानिवृत्त मानद कैप्टन भीम सिंह, अर्जुन पुरस्कार विजेता और 1966 में बैंकॉक एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता रहे। चैंपियनशिप में स्कूल के प्रो.वीसी रोहित जैनेंद्र जैन ने सभी खिलाडियों की हौंसला अफजाई की। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने अतिथियों, प्रतिभागी टीमों व कोचों का स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल के सातवीं कक्षा के बच्चों ने योग सहित अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भीम सिंह ने कहा कि कहा कि इस तरह की चैंपियनशिप बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, भाईचारा विकसित करने के साथ-साथ बच्चों की प्रतिभा को निखारती हैं। इस मौके पर दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

## आशा वर्करों के समर्थन में जनवादी महिला समिति ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
लंबे समय से आंदोलन चला रही प्रदेश की आशा वर्करों के समर्थन में जनवादी महिला समिति ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद समिति ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, जिसमें आशा वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने सहित अन्य मांगे पूरी करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों में जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान व राज्य उपप्रधान शकुंतला जाखड़, जिला उपप्रधान बिमला चोधरी, निर्मला, कैलाश जाखड, कमला, बिद्या, कृष्णा, पंकज शर्मा व शांति सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य शामिल रही।

# जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर पुलिस ने मेट्रो स्ट्रेशनों पर चलाया सर्च



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के आदेश व डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के निर्देश पर व थाना मेट्रो प्रबंधक सुरेंद्र के मार्ग दर्शन में जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए थाना मैट्रो पुलिस टीम ने शनिवार को मेट्रो की सुरक्षा के लिए लगाई गई फोर्स के साथ चेकिंग की गई। इसके साथ ही दिल्ली बॉर्डर से सटे हुए मार्गों पर नाका लगाकर चेकिंग की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में चल रही जी-20 शिखर सम्मेलन की मीटिंग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फरीदाबाद के सभी सार्वजनिक स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। मेट्रो से आने जाने वाली सवारियों को प्रॉपर रूप से चेक किया जा रहा है। डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के द्वारा शहर में जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए दिए गए दिशा-निदेर्शों पर एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है। दिल्ली से सटे हुए बॉर्डर बदरपुर, पहलादपुर, शूटिंग रेंज, मांगर , डेरा फतेहपुर बाईपास, जैतपुर दुर्गा बिल्डर पर नाके लगाए गए हैं। भारी वाहनों को 8 सितंबर से 10 सितंबर तक सभी हल्के व भारी कमर्शियल वाहनों की एंट्री रहेगी बंदप्रवेश वर्जित किया गया है।

जिसके लिए फरीदाबाद पुलिस के द्वारा पहले ही ट्रेफिक एडवाइजरी जारी की गई है। आवश्यक सेवाओं से संबंधित वाहन जैसे सब्जी, फल, दूध-राशन , सीएनजी/ एलपीजी गैस वाहन खाद? सामग्री, चिकित्सा से संबंधित वाहन, अखबार वितरण इत्यादि वाहनो की आवाजाही रोजमर्रा की तरह रहेगी। उपरोक्त सेवाओं से जुड़े व्यक्तियो का आवागमन यथावत रहेगा।

# एकॉर्ड अस्पताल में धूमधाम से मनाया गया फिजियोथेरेपी दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में मरीजों से केक काटवा कर विश्व फिजियोथैरेपी दिवस धूमधाम से मनाया गया।

अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय और न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता तथा कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी मनोचा ने सभी को केक खिला कर दिवस की बधाई दी। इस मौके पर डॉ. प्रबल रॉय ने कहा कि बदलती लाइफस्टाइल में फिजियोथेरेपी का योगदान काफी बढ़ गया है। फिजियोथैरेपी कराने से कई तरह की शारीरिक समस्याएं दूर होती हैं। कई बार शरीर में दर्द होने पर डॉक्टर दवाई की बजाए फिजियोथैरेपी कराने की सलाह देते हैं।, क्योंकि दवाएं आपका जीवन बढ़ाती है और फिजियोथेरेपी जीवन की गुणवत्ता बढ़ाती है। इसलिए अस्पताल में मरीजों के लिए विश्व स्तरीय फिजियोथैरेपी सेंटर स्थापित किया गया है। वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि फिजियोथेरेपी की सबसे अधिक भूमिका लकवा, साइटिका, और मांसपेशियों में खिंचाव, कमर दर्द, पैरालाइसिस के केसों में होती है। दवाईयों के साथ नियमित रूप से फिजियोथैरेपी देने से मरीज जल्द स्वस्थ होता है। अस्पताल में ऐसे कई मरीज पूर्ण रूप से ठीक हो कर घर गए हैं। वहीं दफ्तर या कॉर्पोरेट सेक्टर में आठ घंटे से ज्यादा लगातार कुर्सी पर बैठने वाले कर्मचारियों को को सर्वाइकल व लंबर स्पॉन्डिलाइटिस की सबसे अधिक समस्या होती है। जिससे राहत दिलाने में फिजियोथेरेपी काफी कारगार साबित होती है। कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता और वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सिम्मी मनोचा ने कहा कि हृदय हमारे शरीर का मुख्य अंग है। इसे संयमित खान-पान और व्यायाम से स्वस्थ बनाए रख सकते है।

# पुणे में राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा ने लहराया परचम



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** 3 सितंबर से 5 सितंबर 2023, को पुणे में आयोजित 3वें राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा फिनस्विमिंग के खिलाड़ियों अद्वितीय प्रदर्शन रहा। राज्य के खिलाड़ियों ने कई पदक और ट्रॉफी जीतकर हरियाणा का नाम रोशन कर दिया । कौशल और संघर्षशीलता के एक अद्वितीय प्रदर्शन के साथ, हरियाणा के रोबिन तुषीर ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीन सोने के पदक और एक ट्रॉफी अपने नाम की। रोबिन की आलोकित प्राप्तियां फिनस्विमिंग के क्षेत्र में हरियाणा की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा को और भी मजबूत कर दिया है । इसके अलावा, जूनियर ग्रुप के छात्रों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया , जिनमें राहुल, प्रिंस, सकेत, और तरुण ने फिनस्विमिंग 4७100 मीटर रिले प्रतियोगिता में चांदी पदक प्राप्त किया। गौरतलब है की हरियाणा के फिनस्विमिंग के खिलाड़ियों की 3 सितंबर से 5 सितंबर को पुणे हुई थी जिसमे 3 वें राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन ने न केवल राज्य को गर्वित किया बल्कि फिनस्विमिंग समुदाय के भीतर मौजूद उम्मीद और प्रतिभा की अविश्वसनीय संभावना को और मजबूत कर दिया। टेलेंट की बात अगर करे तो महिला खिलाड़ी ईशिका तुषीर ने एक सिल्वर के पदक प्राप्त करते हुए अपने प्रतिभा को दिखाया, जबकि निशिका तुषीर ने प्रतियोगिता में ब्रोंज मेडल अपने नाम किया । ये युवा महिलाएँ हरियाणा के फिनस्विमिंग में तालमेल को बढ़ाने के लिए उनके सामर्थ्य का प्रमाण हैं। सीनियर ग्रुप पुरुषों के श्रेणी में, हरियाणा के फिनस्विमिंग के खिलाड़ियों( शिवम्, हिमांशु,कुणाल, आशीष ) ने 4७100 मीटर रिले प्रतियोगिता में ब्रोंज पदक जीतकर अपनी ताकत और टीम के उम्दा प्रदर्शन को दिखाई। राज्य की महिला टीम (निशा, शगुन,सनमीत, अंजू ) ने भी 4७100 मीटर फिनस्विमिंग रिले में सम्मानजनक ब्रोंज प्राप्त करते हुए पदक जीता। अंडर वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के अध्यक्ष श्री दीप भाटिया जी ने सभी फिनस्विमर्स को बधाई दी है। और कहा है की हरियाणा के फिनस्विमिंग के खिलाड़ियों की प्रदर्शन ने यह सिद्ध किया है कि फिनस्विमिंग समुदाय में मौजूद असाधारण संवादिता और प्रतिभा को दशार्ने के लिए कितनी अद्भुत संभावना और प्रतिभा है। हरियाणा के अंडरवॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव, श्री एके पंडित जी ने इस मौके पर सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी है और उज्वाल भविष्य की शुभकामनाए दी है उन्होंने कहा, की "हमारे खिलाड़ियों ने अपने संघर्ष और समर्पण के साथ अद्वितीय प्रदर्शन किया है। हम उन पर गर्व है हम उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता को सराहना करते हैं। वे हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं और आने वाले समय में भी हमारे फिनस्विमिंग समुदाय के लिए उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होंगे।" इस मौके पर पहले इंटरनेशनल फिन स्विमिंग कोर्स का भी आयोजन किया गया।

# पलवल: अलग अलग सड़क हादसे में महिला समेत 2 की मौत




**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
जिला में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में महिला का पति घायल हो गया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया।

बेढ़ा पट्टी होडल निवासी सुखीराम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह अपनी पत्नी अंजू के साथ बाइक पर गांव से होडल बाजार घरेलू सामान लेने के लिए जा रहा था। लेकिन जब उसकी बाइक गंगा पैलेस के निकट पहुंची तभी एक कार चालक ने कार को गलत लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी पत्नी सडक पर गिर पड़ी और सिर में गंभीर चोटें लगी, जबकि उसकी मामूली चोटें आई है।

राहगिरों की मदद से उसने पत्नी को नागरिक अस्पताल पलवल पहुंचाया, जहां से उनकी हालत नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में इलाज के दौरान अंजू की मौत हो गई। वहीं, जिला कन्नौज (यूपी) के सहियापुर गांव निवासी सुखपाल सिंह ने दी शिकायत में कहा है वह खजान बस्ती मायापुरी दिल्ली में रहता है। उसका जीजा लक्ष्मी विहार निवासी शिशुपाल किसी निजी कार्य से जा रहा था तभी नेशनल हाईवे-19 पर डीसी रेजिडेंस के सामने किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से शिशुपाल का एक्सीडेंट हो गया था।

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 10 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# नरेला: श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल

















**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**बाहरी** दिल्ली के नरेला में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा सुनने के लिए आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। भागवत कथा में छठे दिन श्री कृष्ण और रुक्मणी का विवाह बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ से मनाया गया। श्री कृष्ण-रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। छठे दिन की कथा में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल और एक्शन इंडिया ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि भारद्वाज, वधवा टेंट के मालिक रवि वधवा और सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब नरेला के प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज का श्री श्याम नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों व कथावाचक द्वारा पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।

बाहरी दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन नरेला की नई अनाज मंडी में किया जा रहा है। कथा वाचक श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज भक्तों को भगवान की महिमा से अवगत करा रहे हैं। कथा सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु कथा प्रारंभ होने से समाप्त होने तक कथा स्थल पर मौजूद रहते हैं।

संगीतमय भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को कथावाचक आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने व्यास पीठ से महारास कथा, रुक्मणी विवाह आदि का सुंदर व्याख्यान किया। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कृष्ण-रुक्मणी व कृष्ण गोपियों का वेश धारण किये कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। इस दौरान विवाह के मंगल गीत गाकर सुमधुर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिवस की कथा का विस्तार से विवेचन करते हुए परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्री कृष्ण की मथुरा लीला जीव के हृदयान्धकार को नष्ट कर ज्ञान का विकास करती है। जिस ज्ञान के माध्यम से जीव पूर्ण ब्रम्हा श्रीकृष्ण से साक्षात्कार करता है। मथुरा लीला प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा श्रीकृष्ण ने अपनी मथुरा लीला में अज्ञान रूपी कंस का उद्धार कर ज्ञान का संवर्धन किया। यहाँ तक कि साक्षात बृहस्पति के शिष्य उद्धव जी के ज्ञान को प्रभु ने गोपियों के द्वारा भक्ति की चादर ओढ़ाकर परिपूर्ण किया। स्वयं परमात्मा श्रीकृष्ण ने अपनी मथुरा लीला में ही गुरु सदीपनि के सान्निध्य में चौसठ दिनों तक रहकर ज्ञान प्राप्त किया। अतः प्रभु की मथुरा लीला श्रवण करने मात्र से भक्त के हृदय में ज्ञान का उदय होता है। उन्होंने बताया कि यदि विद्यार्थी अपने अध्ययन काल में यदि प्रभु की मथुरा लीला को श्रवण करता है तो निश्चित रूप से विद्या के क्षेत्र में उसे अभूतपूर्व सफलता प्राप्त होती है। रूक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तार से व्याख्यान देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि श्री रूक्मणी जी ने अपने जीवन में किये हुए सत्कार का फल केवल प्रभु को ही माँगा। जिसको कि प्रभु श्री द्वारिकाधीश ने स्वयं रूक्मणी के कुणिनपुर जाकर रूक्मणी को प्रधान पटरानी बनाकर पूर्ण किया। यह पवित्र प्रसंग हम सबको शिक्षा प्रदान करता है हमें जीवन में किये हुए सत्कार के फल के रूप में प्रभु की ही आराधना करनी चाहिए। कथा के अंत में आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

कथा में कपिल भारद्वाज, संजय बंसल, मोहित गुप्ता, प्रमोद नरवाल श्री श्याम नवयुवक मंडल से अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एमपी: कैबिनेट ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना को दी स्वीकृति



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय आवास योजना" अब "मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना" के रूप में जानी जायेगी। इस योजना को सभी वर्गों के आवासहीन पात्र परिवारों के लिये मान्य किया जायेगा। भविष्य में जब-जब प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण की इकाई लागत वृद्धि होगी तब-तब इस योजना के अंतर्गत भी इकाई लागत में वृद्धि की जायेगी। यह निर्णय शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में लिया गया।

**प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के रसोईयों के मासिक मानदेय में दोगुनी वृद्धि:** मंत्रि-परिषद ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में संलग्न रसोईयों के वर्तमान मासिक मानदेय 2 हजार रुपये से बढ़ाकर 4 हजार रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है। इससे 2 लाख 10 हजार रसोईये लाभान्वित होंगे। इसके लिये वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष अवधि के लिये पूर्व में आवंटित राशि के अतिरिक्त 294 करोड़ 32 लाख रुपये तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 से प्रतिवर्ष 714 करोड़ 79 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**बैकलॉग / कैरी फारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान में 1 वर्ष की वृद्धि:** मंत्रि-परिषद द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडे वर्गों तथा दिव्यांगजनों के बैकलॉग / कैरी फारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की समय-सीमा में 1 जुलाई, 2023 से 30 जून, 2024 तक एक वर्ष की वृद्धि की गई है।

**अतिथि शिक्षकों के मासिक मानदेय में दोगुनी वृद्धि की स्वीकृति:** मंत्रि-परिषद ने अतिथि शिक्षकों को दिये जाने वाले मासिक मानदेय में दोगुनी वृद्धि की स्वीकृति दी है।


आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच

Dr. Singh examining a patient.



आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT



Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546